कार्तिक कृष्णा - 2 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 96 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 30-10-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 सिख समुदाय ने राम जन्मभूमि आंदोलन शुरू किया : राजनाथ सिंह

6 नए भारत के निर्माता थे सरदार पटेल

7 ट्रंप की 'अराजकता, प्रतिशोध और नाटक' अमेरिका के लिए घातक : निक्की हेली



## फर्स्ट टेक

### केरल में विस्फोट के बाद कर्नाटक की सीमा सील

**तिरुवनंतपुरम/उडुपी/वार्ता।** केरल के कालामस्सेरी में रविवार सुबह हुए सिलसिलेवार विस्फोट के बाद राज्य के 14 जिलों को अलर्ट किया गया है। कर्नाटक सरकार ने भी अलर्ट जारी करके सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी कर दी है। केरल में अधिकारियों ने सभी 14 जिला पुलिस प्रमुखों को विशेष रूप से रेलवे और बस स्टेशनों के आसपास अत्यधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कठोर पुलिस गश्त की आवश्यकता पर बल दिया है। अधिकारी अभी तक विस्फोट का कारण निर्धारित नहीं कर पा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इस विस्फोट में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का इस्तेमाल हुआ है। विस्फोटों की जांच कर रहे अधिकारी विस्फोटक उपकरण लगाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों और समय का निर्धारण करने के लिए कन्वेंशन सेंटर के तीन दिवसीय सीसीटीवी फुटेज की व्यापक समीक्षा कर रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दो चीनी ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के अमृतसर और तरनतारन जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अलग-अलग स्थानों से दो ड्रोन बरामद किये गए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विशेष सूचना के आधार पर बीएसएफ ने रविवार को अमृतसर के दाओके गांव के पास खोजबीन अभियान चलाया। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान बीएसएफ जवानों ने एक खेत से एक चीनी ड्रोन बरामद किया। तरनतारन के ढोलन गांव में शनिवार शाम बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में एक और ड्रोन बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि बरामद किया गया ड्रोन एक चीनी क्वाडकॉप्टर था। उन्होंने बताया कि ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे बीएसएफ ने विफल कर दिया।

### यूक्रेन के 36 ड्रोन मार गिराए: रूस

**कीव/एपी।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने शनिवार रात काला सागर और क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर 30 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने काला सागर और क्रीमिया प्रायद्वीप के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में 36 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया। काला सागर की सीमा के पास स्थित दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र के स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रविवार तड़के एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई, लेकिन उन्होंने इसका कारण नहीं बताया।

| | |
|---|---|
| 30-10-2023 सूर्यास्त 5:43 बजे | 31-10-2023 सूर्योदय 6:02 बजे |
| BSE 63,782.80 (+634.65) | NSE 19,047.25 (+190.00) |
| सोना 6,359 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 78,000 रु. प्रति किलो |

# केरल में ईसाई समुदाय के सम्मेलन केंद्र में धमाका

## दो महिलाओं की मौत, 51 लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ ईसाइयों के 'यहोवा के साक्षी' संप्रदाय का सदस्य होने का दावा करने वाले डोमिनिक मार्टिन नामक एक व्यक्ति ने विस्फोटों की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश पोस्ट कर किया आत्मसर्मपण

**कोच्चि/भाषा।** केरल के कलमश्शेरि में ईसाई समुदाय के एक सम्मेलन केंद्र में रविवार सुबह हुए धमाकों में दो महिलाओं की मौत हो गई और 51 लोग घायल हुए हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर है। कलमश्शेरि में ईसाई समुदाय के एक सम्मेलन केंद्र में उस वक्त धमाके हुए, जब सैकड़ों लोग तीन दिवसीय प्रार्थना सभा के समापन अवसर पर एकत्र हुए थे।

ईसाइयों के 'यहोवा के साक्षी' संप्रदाय का सदस्य होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने रविवार सुबह हुए विस्फोटों की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश पोस्ट किया। विभिन्न टीवी चैनलों पर प्रसारित वीडियो में खुद की पहचान मार्टिन के रूप में बताते हुए व्यक्ति ने दावा किया कि उसने विस्फोट इसलिए किए क्योंकि संगठन की शिक्षाएं 'देश के लिए सही नहीं' हैं।

पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और धारा 307 (हत्या का प्रयास) के साथ-साथ विस्फोटक अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

वहीं, राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि 51 घायलों में से 30 को राज्य के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और उनमें से 18 आईसीयू में हैं। मंत्री ने कहा कि 18 में से छह - जिनमें एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है - गंभीर हालत में हैं। उन्होंने कहा कि तीन लोग 90 प्रतिशत से अधिक जल गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) कानून एवं व्यवस्था एम.आर. अजित कुमार ने यहां संवाददाताओं को बताया कि विस्फोटों की जिम्मेदारी लेकर आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्ति का नाम डोमिनिक मार्टिन है।

### आंध्र प्रदेश में विजयनगरम जिले के अलामंदा-कंटाकपल्ली स्टेशनों के बीच

# खड़ी ट्रेन से टकरायी यात्री ट्रेन

## ■ छह लोगों की मौत, कई घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**विजयनगरम/वार्ता।** आंध्र प्रदेश में विजयनगरम जिले के अलामंदा-कंटाकपल्ली स्टेशनों के बीच रविवार को एक यात्री ट्रेन के खड़ी ट्रेन से टकरा जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए।

रेलवे सूत्रों के अनुसार विशाखापट्टनम-पलासा यात्री ट्रेन ट्रैक पर रुक हुई थी और सिग्नल का इंतजार कर रही थी। उसी समय, विशाखापत्तनम-रायगड़ा यात्री ट्रेन ने खड़ी ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी। रेलवे सूत्रों ने छह लोगों की मौत की पुष्टि की है। इस टक्कर में तीन डिब्बे बुरी तरह नष्ट हो गए और पटरी से उतर गए। अनाकापल्ले और विशाखापत्तनम से यहां एम्बुलेंस भेजी गईं। बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया गया और एक विशेष बचाव ट्रेन को भेजा गया। एसडीआरएफ की टीमें बचाव अभियान चलाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचीं।

जिला कलेक्टर एस नागलक्ष्मी और पुलिस अधीक्षक दिका पटेल अभियान की निगरानी कर रहे है।

आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर और मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने ट्रेन दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया।

नज़ीर को बताया गया कि आवश्यक राहत व्यवस्था की गई है और घायल यात्रियों को तत्काल चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए नजदीकी अस्पतालों में स्थानांतरित करने की कार्रवाई की गई है। राज्यपाल ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मुख्यमंत्री रेड्डी ने ट्रेन दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को राहत अभियान चलाने के निर्देश दिए।

रेड्डी ने ट्रेन दुर्घटना की सूचना मिलने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस और अन्य विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर तुरंत राहत कार्य चलाने का निर्देश दिया।

## श्रीनगर में क्रिकेट खेल रहे पुलिस निरीक्षक को आतंकियों ने गोली मारी

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी को रविवार को श्रीनगर में आतंकवादियों ने गोली मार दी। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस निरीक्षक मसरूर अहमद वानी ईदगाह मैदान में स्थानीय बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे, तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोली मार दी। घायल अधिकारी को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर, वानी का इलाज कर रहे हैं और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। कश्मीर जोन की पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''आतंकवादियों ने श्रीनगर के ईदगाह के पास पुलिस निरीक्षक मसरूर अहमद पर गोलीबारी कर उन्हें घायल कर दिया। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।



## गाजा के सबसे बड़े अस्पताल के पास इजराइल ने किये हवाई हमले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)/एपी।** इजराइल के युद्धक विमानों ने रविवार तड़के गाजा के सबसे बड़े अस्पताल के पास हमले किए। इस अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज उपचाराधीन हैं और हजारों लोगों ने शरण ली हुई है। स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी।

इजराइल ने बिना अधिक साक्ष्य साझा किए दावा किया कि हमास के उग्रवादी अस्पताल का अड्डे के तौर पर इस्तेमाल कर रहे थे।

इससे एक दिन पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि हमास के खिलाफ इजराइल युद्ध के 'दूसरे चरण' में प्रवेश कर रहा है।

हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर जबरदस्त हमले किए थे, जिसके बाद से इजराइल ने जवाबी हमले तेज किए हैं।

इजराइल ने गाजा पट्टी में इंटरनेट और संचार के अन्य माध्यम बंद कर दिए हैं, जिससे वहां रहने वाले 23 लाख लोगों का आपस में तथा बाहरी दुनिया से संपर्क कट गया है। इजराइल ने शुक्रवार रात से गाजा पर हवाई और जमीनी हमले भी तेज कर दिए हैं।

# सरदार पटेल की जयंती पर 'मेरा युवा भारत' संगठन की नींव रखने की प्रधानमंत्री ने घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

## ■ 'मन की बात' की 106वीं कड़ी



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 'मेरा युवा भारत' नामक एक संगठन की नींव रखे जाने की घोषणा की, जो राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न आयोजनों में देश के युवाओं को सक्रिय भागीदारी करने का अवसर देगा।

आकाशवाणी पर रविवार को प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 106वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में खादी से जुड़े उत्पादों की बिक्री में हुए इजाफे का जिक्र किया। उन्होंने देशवासियों से एक बार फिर स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया।

मोदी ने कहा कि वह 'मन की बात' के जरिये देशवासियों, विशेषकर उन युवाओं के लिए एक खुशखबरी साझा कर रहे हैं, जिनके दिलों में भारत के लिए कुछ करने का जज़्बा, सपने और संकल्प हैं। उन्होंने कहा, ''यह खुशखबरी देशवासियों के लिए तो है ही है, मेरे नौजवान साथियों आपके लिए विशेष है। दो दिन बाद ही 31 अक्टूबर को एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जा रही है और वो भी सरदार साहब की जयंती के दिन। इस संगठन का नाम है 'मेरा युवा भारत' यानी 'माई भारत संगठन।''

प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह संगठन भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगा। यह विकसित भारत के निर्माण में भारत की युवा शक्ति को एकजुट करने का एक अनोखा प्रयास है।''

## अब खेलों में भी परचम लहरा रहा है देश : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को खेलों में भारतीय दल के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न स्पर्धाओं में रिकॉर्ड प्रदर्शन कर भारतीय टीम ने इतिहास रचा है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की ताजा कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए मोदी ने एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों के साथ ही विशेष ओलंपिक विश्व खेलों का जिक्र किया और भारतीय दल के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि विजेता खिलाड़ियों ने 'बहुत ही साधारण परिवार' से आने के बावजूद अपनी गरीबी को कभी अपनी सफलता के सामने दीवार नहीं बनने दिया। ''इस समय देश का खेलों में भी परचम लहरा रहा है। पिछले दिनों एशियाई खेलों के बाद पैरा एशियाई खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की है। इन खेलों में भारत ने 111 पदक जीतकर एक नया इतिहास रच दिया है। मैं पैरा एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।''

## भगवान बिरसा मुंडा से प्रकृति की देखभाल की प्रेरणा लें: मोदी

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भगवान बिरसा मुंडा से हमे प्रकृति की देखरेख की प्रेरणा मिलती है।

मोदी ने आकाशवाणी पर ' मन की बात ' कार्यक्रम में कहा कि आने वाले 15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मनाएगा। यह विशेष दिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्म-जयंती से जुड़ा है। भगवान बिरसा मुंडा हम सब के हृदय में बसे हैं। सच्चा साहस क्या है और अपनी संकल्प शक्ति पर अडिग रहना किसे कहते हैं, ये हम उनके जीवन से सीख सकते हैं। उन्होंने विदेशी शासन को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने ऐसे समाज की परिकल्पना की थी, जहाँ अन्याय के लिए कोई जगह नहीं थी। वे चाहते थे कि हर व्यक्ति को सम्मान और समानता का जीवन मिले। भगवान बिरसा मुंडा ने प्रकृति के साथ सद्भाव से रहना इस पर भी हमेशा जोर दिया। आज भी हम देख सकते हैं कि हमारे आदिवासी भाई-बहन प्रकृति की देखभाल और उसके संरक्षण के लिए हर तरह से समर्पित हैं। उन्होंने कहा , कल यानि 30 अक्टूबर को गोविन्द गुरु जी की पुण्यतिथि भी है। हमारे गुजरात और राजस्थान के आदिवासी और वंचित समुदायों के जीवन में गोविन्द गुरु जी का बहुत विशेष महत्व रहा है। नवंबर महीने में हम मानगढ़ नरसंहार की बरसी भी मनाते हैं। मैं उस नरसंहार में, शहीद माँ भारती की, सभी संतानों को नमन करता हूँ।

मोदी ने कहा कि भारतवर्ष में आदिवासी योद्धाओं का समृद्ध इतिहास रहा है। इसी भारत भूमि पर महान तिलका मांझी ने अन्याय के खिलाफ बिगुल फूंका था। इसी धरती से सिद्धो-कान्हू ने समानता की आवाज उठाई। हमें गर्व है कि जिन योद्धा टंट्या भील ने हमारी धरती पर जन्म लिया।

## वैश्विक स्तर पर प्रवेश के विकल्प की तलाश में रिलायंस जियो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में सफलता के बाद दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो वैश्विक स्तर पर प्रवेश को एक विकल्प के रूप में देखती है जिसका लगातार मूल्यांकन किया जा रहा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान रिलायंस जियो के अध्यक्ष मैथ्यू ओम्मन ने कहा कि भारत अब टियर 1 प्लस देश है और देश के लिए सही नीतियां बनाने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए।

ओम्मन ने कहा, '' हमारा मानना है कि भारत से वैश्विक जाने के बड़े अवसर हैं। रिलायंस उन अवसरों को तलाशने के लिए विकल्पों की समीक्षा करना जारी रखेगी कि विश्वस्तर पर भारत का सर्वोत्तम प्रतिनिधित्व कैसे किया जाए और प्रौद्योगिकी क्षमताओं का लाभ उठाकर ग्राहकों का अनुभव कैसे बेहतर किया जाए, जैसा कि हम अभी तक भारत में कर रहे हैं।''

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### राजनीतिक फण्डे

है राजनीति का प्रबल अस्त्र,
दुश्मन की करना जासूसी।
सत्ता कहती है हरा जिसे,
प्रतिपक्षी कह देता भूसी।
चाहे अच्छे हो कृत्य भले,
फिर भी होती कानाफूसी।
गठबंधन होते ठगबंधन,
जिनमें चलती रूसारूसी।।

## कांग्रेस बताए उसे 'राम' शब्द से आपत्ति है या 'मंदिर' से : सुधांशु त्रिवेदी



**भोपाल/वार्ता।** भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने आज कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राम मंदिर के विषय को मध्यप्रदेश में चुनाव आयोग में ले जाने वाली कांग्रेस को ये स्पष्ट करना चाहिए कि उसे 'राम' शब्द से आपत्ति है या 'मंदिर' से।

त्रिवेदी ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि कांग्रेस का ये पुराना रोग एक बार फिर उभर आया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को राम और मंदिर शब्दों पर आपत्ति नहीं है, तो राममंदिर शब्द पर आपत्ति क्यों है? वास्तव में राममंदिर का निर्माण पूरा होते देख कांग्रेस के सीने की आग भड़क उठी है, क्योंकि वह कभी नहीं चाहती थी कि राममंदिर का निर्माण हो।

त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस राममंदिर का निर्माण कभी नहीं चाहती थी और वह यह भी नहीं चाहती थी कि यह विवाद सुलझे। इस मामले को रोकने के पार्टी ने कई प्रयास किए। वर्ष 1976 में इंदिरा गांधी के जमाने में जब आर्कियोलॉजिकल सर्वे की खुदाई चल रही थी, तो नीचे आठ खंबे निकल आए। तब वामपंथी इतिहासकारों के दबाव में सरकार ने खुदाई रुकवा दी और कोर्ट से यह स्टे ले लिया गया कि खुदाई कभी नहीं की जाएगी।

## भारत ने इंग्लैंड को हरा कर लगाया जीत का छक्का

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/वार्ता।** भारत ने मौजूदा विश्व कप में अपने पहले पांच मैच लक्ष्य का पीछा करते हुये जीत कर मजबूत बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया था जबकि शनिवार को लखनऊ में गेंदबाजों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुये सामान्य से दिखने वाले लक्ष्य का बखूबी बचाव कर गत विजेता इंग्लैंड को 100 रन के विशाल अंतर से शिकस्त झेलने पर मजबूर कर दिया। इस मुकाबले के बाद भारत का सेमीफाइनल का टिकट लगभग पक्का हो गया है जबकि गत विजेता इंग्लैंड अंतिम चार की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये नौ विकेट पर 229 रन बनाये। जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 34.5 ओवर के खेल में 129 रन बना कर ढेर हो गयी।

इकाना स्टेडियम की लाल मिट्टी की पिच पर भारत के स्कोर को देखते हुये लग रहा था कि इंग्लैंड इस मैच में वापसी कर लेगा मगर मोहम्मद शमी (22 रन पर चार विकेट) और जसप्रीत बुमराह (32 रन पर तीन विकेट) ने अपनी सनसनाती गेंदबाजी से इंग्लैंड के खेमे में सनसनी फैला दिया जबकि बची खुची कसर कुलदीप यादव (24 रन पर दो विकेट) और रविंद्र जडेजा (16 रन पर एक विकेट) ने अपनी फिरकी से पूरी कर दी।

सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के कर्नाटक सावित्रीबाई फुले महिला संघ द्वारा कन्नड़ साहित्य परिषद के अक्का महादेवी सभागार में वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने में महर्षि वाल्मीकि एवं प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाले साधकों को महिला संघ की तरफ से सम्मानित किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## जागरुकता रनथॉन

बेंगलूरु के जयनगर स्थित अपोलो हॉस्पिटल ने हृदयघात से बचने के लिए जागरुकता के लिए 5 किलोमीटर व 10 किलोमीटर दूरी की रनथॉन का आयोजन किया। भारत में स्ट्रोक की घटनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करने व उनसे बचने के उद्देश्य से आयोजित यह रनथॉन को जयनगर के विधायक सीकेराममूर्ति ने कित्तूर रानी चेन्नम्मा ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर, बेंगलूरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या, अपोलो अस्पताल जयनगर के वरिष्ठ सलाहकार व न्यूरोलॉजी सलाहकार एवं वरिष्ठ सलाहकार डॉ. पी. सतीश चंद्र व उपाध्यक्ष डॉ. गोविंदैया यतीश सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी व डाक्टर उपस्थित थे। रनथॉन में विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 1,300 लोगों ने भाग लिया।

# अयोग्य ठहराए गए भी तो शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे: फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे और अगर ऐसा हुआ भी तो उन्हें विधानपरिषद के सदस्य के तौर पर निर्वाचित किया जाएगा और वह पद पर बने रहेंगे।

उच्चतम न्यायालय ने 17 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को शिवसेना के दोनों गुटों की ओर से दायर याचिकाओं पर फैसला करने के लिए एक वास्तविक समय-सीमा बताने का अंतिम अवसर दिया था। पार्टी में टूट के बाद, ये याचिकाएं एक-दूसरे के गुट के विधायकों को अयोग्य घोषित करने के लिए एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे नीत गुटों की ओर से दायर की गई थीं। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई होनी है। इन याचिकाओं में कुछ विधायकों के खिलाफ दाखिल अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द निर्णय लेने के लिए नार्वेकर को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। फडणवीस ने टीवी9 मराठी चैनल से शनिवार को बातचीत में कहा,'' पहली बात तो यह है कि शिंदे अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे और अगर उन्हें अयोग्य ठहरा भी दिया गया तो हम उन्हें विधानपरिषद के सदस्य के तौर पर निर्वाचित करेंगे और वह मुख्यमंत्री के पद पर बने रहेंगे। अगला चुनाव उन्हीं के नेतृतव में होगा।'' न्यायालय ने पूर्व में, मुख्यमंत्री शिंदे और उनके विश्वस्त कई विधायकों को अयोग्य घोषित करने के लिए उद्धव गुट द्वारा दायर याचिकाओं पर फैसला करने में देरी को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के प्रति नाखुशी जताते हुए कहा था कि वह शीर्ष न्यायालय के आदेशों की अनदेखी नहीं कर सकते हैं। इसी तरह की अयोग्यता याचिकाएं शिंदे गुट ने भी उद्धव के प्रति निष्ठा रखने वाले विधायकों के खिलाफ दायर की हैं।



# कन्या मंडल यशवंतपुर ने आयोजित की नशा मुक्ति कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के यशवंतपुर तेरापंथ महिला मंडल के अन्तर्गत कन्या मंडल ने 'नशे की आदत छोड़ो-खुशहाल जिंदगी से नाता जोड़ो', कार्यशाला का आयोजन तेरापंथ भवन में किया किया। कन्या मंडल की परी डुंगरवाल और प्रांजल भंसाली ने सभी का स्वागत किया। नशा मुक्ति के महत्व के बारे में सृष्टि गन्ना ने विचार व्यक्त किए। कन्यामंडल की कन्याओं ने नाटिका द्वारा 'नशीले पदार्थों के होने वाले दुष्परिणामों' की प्रस्तुति दी। हमारे राष्ट्र का असली खजाना युवा पीढ़ी यानी हम है, तो यह हमारा फर्ज बनता है की इस खजाने को व्यर्थ न जाने दे। हमें बचपन से ही ज्ञानशाला में साधु संतों से यह सीख मिली है की अपने काम और जिंदगी में सफलता पाने के लिए शराब, सिगरेट और अन्य जानलेवा चीज का ग्रहण करना जरूरी नहीं है। नाटिका में 15 कन्याओं ने भाग लिया। मुख्य भूमिका दिया पोरवाड़ की रही। नाटिका में दृष्टि गन्ना, जानवी पोखरणा, रीतू मुथा, सुहानी बाबेल, खुशी गादिया, हर्षा गन्ना, चाहत गन्ना, रितिका मुथा, जानवी भंसाली, प्राची भंसाली, अंतरा कलिता और यांशी मेहर ने मंचन किया। महिला मंडल मंत्री लाडली मुथा ने कन्या मंडल प्रभारी की भूमिका निभाई। आभार संयोजिका नेहा पोखरणा और सहसंयोजिका पलक भंसाली ने किया।

# धर्म को धारण कर उस पर अडिग रहना चाहिए : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



राणेबेन्नूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने प्रवचन में कहा कि जीवन में कभी धर्म क्षेत्र से बाहर मत निकल जाना। बहुत से लोग संसार में ऐसे होते है जो बहुत बहुत धर्म आराधना-साधना करते हैं तप जप-पूजा पाठ करते होते हैं किन्तु बाद में कुछ अचानक ऐसा परिवर्तन आता है कि वे धर्म क्षेत्र से बिलकुल ही बाहर निकल जाते हैं। चाहे कुछ भी हो जाए, जीवन में आपने जो धर्म मार्ग अपनाया है उससे कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। जो मार्ग चुना है उस पर चलते अगर मृत्यु भी आ जाए तब भी वह मार्ग उद्धार ही करेगा इसलिए उसे छोड़कर अन्य मार्ग पर जाने को सुपथ छोड़ना इससे बुरा संसार में कुछ न होगा। जब तप आराधना, त्याग में प्रवेश करते हैं, तब उसके लिए बड़ी तैयारी करनी पडती है, किन्तु निकलने के लिए कुछ तैयारी नहीं करनी पडती है। मन निर्बल होता है और व्यक्ति बाहर निकल जाता है, इसलिए जिस मार्ग का धारण किया है उसे पकड़कर रहना उसे कभी छोड़ना नहीं चाहिए। तप का मार्ग, चारित्र का मार्ग, आराधना का मार्ग, जाप का मार्ग जो भी मार्ग स्वीकार किया है उस पर अड़िग रहना चाहिए।

# 'शिंदे सरकार मराठा समुदाय को मजबूत आरक्षण देना चाहती है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ठाणे/भाषा।** लोकसभा सदस्य और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता सुनील तटकरे ने रविवार को कहा कि पूर्व में मराठा समुदाय को दिए गए आरक्षण एवं न्यायपालिका में उसके सामने आयी मुश्किल को देखते हुए राज्य सरकार चाहती है कि समुदाय को कोटा इस तरह से दिया जाए जो कानूनी रूप से मजबूत हो ।

तटकरे ने संवाददाताओं से कहा कि शिवसेना, राकांपा (अजित पवार गुट)और भारतीय जनता पार्टी की 'महायुति' राज्य में 'मिशन 45प्लस' के लिए काम कर रही है और आश्वस्त है कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को महाराष्ट्र में 45 सीट मिलेंगी। उन्होंने कहा कि महायुति के घटकों के बीच सीटों का बंटवारा उचित तरीके से होगा और राज्य एवं केंद्र के नेता इसमें पक्षकार होंगे। राकांपा नेता ने दोहराया कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''मैंने मराठा समुदाय को दिए आरक्षण और न्यायपालिका के समक्ष सामने आए मुद्दों का इतिहास देखा है।'' अजित पवार नीत राकांपा गुट के प्रदेश अध्यक्ष तटकरे ने कहा कि समुदाय द्वारा की जा रही आरक्षण की मांग न्यायोचित है और यह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मराठा समुदाय को राणे समिति की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण दिया गया था लेकिन वह अदालत में नहीं टिक सका। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कानूनी रूप से टिकने वाला आरक्षण समुदाय को देना चाहती है।



# विधिपूर्वक की गई नवपद आराधना सदैव फलदायी : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने ओली पारणा के अवसर पर कहा कि जीवन में जो आयम्बिल तप के साथ नवपद अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, ज्ञान, दर्शन, चरित्र एवं तप की आराधना-साधना करता है उसकी उपासना सार्थक होती है और जीवन में कर्मनिर्जरा होती है। इससे हमारा ये भव के साथ परभव भी सुधरता है और भव भ्रमण से मुक्ति पाने की दिशा में कदम आगे बढ़ते है। विधिपूर्वक की गई नवपद आराधना हमेशा श्रेष्ठ व उत्तम फलदायी होती है। साध्वी शीतलगुणाश्री ने कहा कि जिस प्रकार एक रुपए के सिक्के और □500 नोट के नीचे गिराने पर एक का सिक्का ही शोर करेगा और 500 के नोट से आवाज तक नहीं आएगी, उसी तरह जिस इंसान की वैल्यू ज्यादा होती है वो बहस नहीं करता और कम वेल्यू वाला बढ़-चढ़कर बातें करता है इसलिए आप कभी किसी से बहस मत कीजिए अपनी वैल्यू कम मत कीजिए...।

मेघराज भंसाली ने बताया कि ओली के लाभार्थी कांतिलाल हुक्मीचंद कांकरिया परिवार का मामुलपेट संघ की ओर से सम्मान किया गया। लाभार्थी परिवार की ओर से सभी तपस्वियों का सम्मान किया गया। मांगीलाल वेदमुथा ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर संघ के संघ अध्यक्ष मेघराज भंसाली, नेमीचंद वेदमुथा, मांगीलाल वेदमुथा, तिलोकचंद भंडारी, कांतिलाल गांधी मुथा,दिलीप कुमार कांकरिया, कीर्ति कुमार बंदामुथा आदि अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारत हमारे लिए महत्वपूर्ण बाजार, निवेश और विद्युतीकरण में तेजी लाएंगे : होंडा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तोक्यो/भाषा।** जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा मोटर कंपनी लि. अपनी भविष्य की विकास रणनीति के तहत अपने प्रमुख बाजार भारत में निवेश करना जारी रखेगी। इसके साथ ही कंपनी अपने वाहनों के विद्युतीकरण में तेजी लाएगी। कंपनी का लक्ष्य 2050 तक कॉर्बन निरपेक्षता हासिल करने का है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

होंडा मोटर के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तोशीहिरो मिबे ने कंपनी के मुख्यालय में कहा, ''वैश्विक स्तर पर होंडा अन्य कंपनियों के साथ गठजोड़ और सहयोग के लिए तैयार है। लेकिन यह गठजोड़ परिवहन के क्षेत्र में सभी के लिए लाभ का होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमारी रणनीति 2050 तक कार्बन निरपेक्षता हासिल करने की है। इसके लिए हमने 2030-35 और 2040 के लिए लक्ष्य तय किए हैं...होंडा के लिए भारत एक बड़ा बाजार है। यह ऐसा बाजार है जहां कार और दोपहिया दोनों मेंविद्युतीकरण तेजी से हो रहा है।''

## मराठों और धनगरों को आरक्षण दें, जरांगे की जिंदगी से न खेलें : ठाकरे



**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लाभों को प्रभावित किये बिना मराठा और धनगर समुदायों को नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण दिया जाना चाहिए। दूसरी ओर, मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की 'ब्राह्मण' वाली टिप्पणी पर उनकी आलोचना की। फडणवीस ने समाचार चैनल पर कहा था कि ब्राह्मण होने के कारण उन्हें आसानी से निशाना बनाया जा रहा और वह अपनी जाति बदलने के लिए कुछ नहीं कर सकते। मराठा समुदाय का एक वर्ग आरक्षण उद्देश्यों के लिए ओबीसी श्रेणी में शामिल किये जाने की मांग कर रहा है, जबकि धनगर एसटी का दर्जा चाहते हैं।

# इजराइल-हमास विवाद मामले में भारत का मतदान से दूर रहना चौंकाने वाला कदम : विजयन



**नई दिल्ली/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता पिनराई विजयन ने रविवार को कहा कि यह चौंकाने वाला है कि इजराइल-हमास संघर्ष में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम के आह्वान वाले प्रस्ताव पर भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतदान से दूर रहा।

यहां माकपा के धरने में भाग लेते हुए विजयन ने आरोप लगाया कि फलस्तीनी लोगों के नरसंहार की निंदा न करके भारत इसमें ''सहभागी'' बन रहा है। उन्होंने कहा, ''यह वास्तव में चौंकाने वाला है कि भारत सरकार इजराइल का समर्थन करते हुए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर चर्चा से दूर रहने की हद तक चली गई है... हम इस गठजोड़ के सहयोगी बनने के स्तर तक गिर गए हैं।'' विजयन ने कहा, ''आज हम जो देख रहे हैं वह फलस्तीनी लोगों का नरसंहार है... निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं... अगर हम इस नरसंहार की निंदा नहीं करते हैं तो हम इसमें भागीदार बन रहे हैं।'' मुख्यमंत्री ने तत्काल युद्धविराम का भी आह्वान किया। पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के सदस्यों सहित माकपा के वरिष्ठ नेताओं ने फलस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर धरना दिया।

# हिंदुजा समूह को 5-6 साल में ओडब्ल्यूओ से रिटर्न मिलने की उम्मीद: संजय हिंदूजा



**लंदन/भाषा।** हिंदुजा परिवार को द्वितीय विश्व युद्ध के समय के पूर्व 'ओल्ड वॉर ऑफिस' (ओडब्ल्यूओ) में अपने 1.3 अरब पाउंड के निवेश से करीब पांच से छह वर्ष में रिटर्न या प्रतिफल मिलने की उम्मीद है।

हिंदुजा समूह की कंपनी गल्फ ऑयल लिमिटेड के चेयरमैन संजय हिंदुजा ने कहा कि यह पहली बार है जब हिंदुजा समूह ने ऐसी किसी विरासत वाली संपत्ति में निवेश किया तथा वृद्धि दर्ज की है। ओडब्ल्यूओ में पहले व्हाइटहॉल में स्थित विंस्टन चर्चिल का युद्ध कार्यालय था। अब इसमें 120 कमरे और सुइट होटल (रैफल्स लंदन), नौ रेस्तरां, तीन बार और 85 निजी आवास हैं, जो लक्ज़री होटलों की सिंगापुर श्रृंखला रैफल्स द्वारा ब्रांडेड हैं। इतने बड़े निवेश के औचित्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' शुरुआत में, हमने सोचा कि (हमें एक परिवार के रूप में) लंदन में कुछ बनाना चाहिए। हमें इस देश में एक विरासत छोड़नी चाहिए।''

# चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में अगले चार दिन में राजस्थान जैसी छापेमारी होगी: दिग्विजय सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियां चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में अगले चार दिन में उसी तरह छापेमारी करेंगी जैसी हाल ही में राजस्थान में उनके द्वारा की गई थी।

मध्यप्रदेश और राजस्थान में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में कथित परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में धनशोधन जांच के तहत राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और महुआ विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार के कई परिसर पर छापेमारी की थी। भाजपा-शासित मध्य प्रदेश और कांग्रेस शासित राजस्थान में विधानसभा चुनाव क्रमशः 17 नवंबर और 25 नवंबर को होंगे। भोपाल में सिंह ने कहा, ''एक तरफ वे (भाजपा) अधिकारियों को धमका रहे हैं, तो दूसरी तरफ मप्र में उसी तरह छापेमारी करने जा रहे हैं जैसा उन्होंने राजस्थान में किया था। यदि ऐसा होता है, तो आपको पता चलेगा कि दिग्विजय सिंह को ये जानकारी कहां से मिलती है।''



# गुणवानों के गुणानुवाद करने से हमारे में गुण प्रकट होते हैं : मुनिश्री राजपद्मसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ श्रीरामपुरम् एलएनपुरम में आसोज मास की नपपद की आराधना का समापन हुआ। मुनिश्री राजपद्मसागरजी म.सा ने श्रावक एवं श्राविकाओं को प्रवचन देते हुए कहा कि गुण व महापुरुषों की भक्ति करने से हमारे अवगुण टल जाते है।

धनवान व्यक्ति के पास हम धन की अपेक्षा रख सकते है और जो निर्धन है उसके पास धन की अपेक्षा रखना बबूल के पेड़ से आम की अपेक्षा रखने जैसा है। मुनि श्री श्रमणपद्मसागरजी म.सा ने कहा कि जो व्यक्ति प्रमाद में पड़ा है वह परमात्मा तक नहीं पहुंचता। कार्यक्रम में नपपद ओली के तपस्वियों का सम्मान किया गया। लाभार्थी सुरेशकुमार विनोदकुमार भंडारी का सम्मान संघ द्वारा किया गया।

# केवल बीआरएस ही तेलंगाना की रक्षा कर सकती है: केसीआर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोडदा (तेलंगाना)/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने (कांग्रेस ने) अविभाजित आंध्र प्रदेश में अपने कार्यकाल के दौरान कुछ सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के दौरान कभी भी तेलंगाना के हितों की रक्षा नहीं की, लेकिन बीआरएस कर्ण के कवच की तरह राज्य की रक्षा करेगी।

वह तीस नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए यहां आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। 'केसीआर' के नाम से जाने जाने वाले तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी के उम्मीदवार के लिए वोट मांगते हुए कहा कि राज्य प्रगति कर रहा है और यह प्रति व्यक्ति आय तथा बिजली जैसे कई मापदंडों में नंबर एक बन गया है।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार पर कटाक्ष करते हुए केसीआर ने कहा कि वह तेलंगाना में सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किसानों को पांच घंटे मुफ्त बिजली दिए जाने की बात कर रहे हैं, जबकि बीआरएस सरकार किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली देती है। उन्होंने कहा, बीआरएस कर्ण के कवच (महाभारत काल) की तरह तेलंगाना की रक्षा करती है। बीआरएस का जन्म तेलंगाना राज्य, इसके विकास और तेलंगाना के लोगों और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हुआ था।

'केसीआर' ने नागार्जुन सागर सिंचाई परियोजना का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस नेताओं ने कभी भी सिंचाई परियोजनाओं के बारे में नहीं सोचा, जिससे तेलंगाना के लोगों को फायदा होता।

बीआरएस के घोषणापत्र में किए गए वादों के बारे में राव ने कहा कि सामाजिक पेंशन और रायथु बंधु के लिए राशि चरणबद्ध तरीके से बढ़ाई जाएगी।

राव ने कहा कि तेलंगाना सूखे और लोगों के पलायन का गवाह था, लेकिन अब यहां शांति और स्थिरता के कारण विकास दिखता है। उन्होंने कहा, तेलंगाना प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति बिजली खपत में नंबर एक है। पहले प्रति व्यक्ति बिजली खपत 1100 यूनिट होती थी, जो अब दुगुनी होकर अब 2,200 यूनिट हो गई है।

कांग्रेस का नाम लिए बिना उन्होंने आरोप लगाया कि पहले मुसलमानों और दलितों को वोट बैंक समझा जाता था।

## जम्मू-कश्मीर को 86,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले: सिन्हा



**पुलवामा/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश को 86,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र देश और विदेश में निवेशकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरा है। सिन्हा ने श्रीनगर से 35 किलोमीटर दूर लस्सीपोरा में औद्योगिक परिसर में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के पास 86,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। देश-विदेश से लोग जम्मू-कश्मीर को पसंदीदा निवेश स्थल मान रहे हैं।''

# राजभवन पर पेट्रोल बम हमले का राजनीतिकरण करने की कोशिश काम नहीं करेगी : द्रमुक

## भाजपा ने आरोप लगाया कि राजभवन भी हो गया है हमलों का शिकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु राजभवन पर पेट्रोल बम हमले की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सत्तारूढ़ राज्य सरकार में जारी जुबानी जंग के बीच द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने कहा कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की भाजपा की कोशिश काम नहीं करेगी। भाजपा ने आरोप लगाया कि राजभवन भी हमलों का शिकार हो गया है और ऐसे में आम लोगों, खासकर महिलाओं के लिए भी सुरक्षा नहीं है।

प्रदेश भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई ने कहा, राज्य पुलिस का दावा है कि पेट्रोल बम राजभवन के बाहर फेंका गया। यह एक उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है और राजभवन एक घेराबंदी वाला क्षेत्र है। जब राज्यपाल के लिए ही सुरक्षा व्यवस्था लचर है तो आम लोगों, विशेषकर महिलाओं को सुरक्षा कौन मुहैया कराएगा?

इसके जवाब में द्रमुक के वरिष्ठ नेता और राज्य के लोक निर्माण एवं राजमार्ग मंत्री ई.वी. वेलु ने कहा कि राज्यपाल का बंगला राजभवन परिसर के काफी अंदर स्थित है और पुलिस इस उच्च सुरक्षा क्षेत्र में चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करती है। वेलु ने तिरुवन्नामलाई जिले के अरानी में संवाददाताओं से कहा, मानसिक रूप से अस्थिर एक व्यक्ति ने टार रोड पर पेट्रोल बम फेंका और भाजपा इसे राज्यपाल के आधिकारिक आवास पर हमला बता रही है। तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था बेहतर है और इस मुद्दे के राजनीतिकरण करने का भाजपा का प्रयास काम नहीं करेगा।

केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने दावा किया कि द्रमुक स्पष्ट रूप से राज्य में भाजपा की शानदार बढ़त, विशेष रूप से अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से घबरा गई है और पार्टी के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के प्रयासों में लगी है। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि द्रमुक का बोरिया बिस्तर बांधकर उसे घर भेज दिया जाए। विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) नेता थोल थिरुमावलवन ने भाजपा पर ऐसा मुद्दा उठाकर राष्ट्रीय सुर्खियां बटोरने का आरोप लगाया।

# टीवीएस क्रेडिट का दूसरी तिमाही का मुनाफा 40 प्रतिशत बढ़कर 134 करोड़ रुपये पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई-सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 40 प्रतिशत बढ़कर 134 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी ने 96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने रविवार को कहा कि 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही में उसका शुद्ध लाभ 252 करोड़ रुपये रहा है। सितंबर, 2023 तक कंपनी के प्रबंधन के तहत संपत्तियां पिछले वर्ष की समान अवधि के 20,602 करोड़ रुपये से बढ़कर 23,516 करोड़ रुपये हो गईं।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 1,399 करोड़ रुपये रही। एक बयान में शहर की कंपनी ने कहा कि उच्च खपत और सरकार के बुनियादी ढांचे में खर्च की वजह से ऋण की मांग मजबूत बनी हुई है। बयान में कहा गया है कि सितंबर में समाप्त छमाही में उपभोक्ता कर्ज की मजबूत मांग से उसके कारोबार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। 30 सितंबर, को समाप्त छह महीने की अवधि के दौरान कंपनी ने 20 लाख नए ग्राहक जोड़े। इससे कंपनी के कुल ग्राहकों की संख्या 1.2 करोड़ से अधिक हो गई है।

# कांग्रेस तेलंगाना में छह गारंटी लागू करेगी : खरगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आश्वासन दिया कि यदि पार्टी तेलंगाना की सत्ता में आती है तो वह राज्य में अपनी छह गारंटी लागू करेगी। उन्होंने सवाल किया कि तेलंगाना में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार में किसे फायदा हुआ? खरगे ने संगारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तेलंगाना में कांग्रेस द्वारा घोषित छह चुनावी गारंटी पर प्रकाश डाला और लोगों से राज्य में कांग्रेस को चुनने का आग्रह किया। तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। उन्होंने 'केसीआर' के नाम से जाने जाने वाले तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए, केसीआर जी जो चाहते थे, करते रहे और खरगे ने पूछा कि इससे किसे फायदा हुआ?

उन्होंने कहा, क्या छात्रों, महिलाओं और किसानों को फायदा हुआ? इसीलिए कांग्रेस पार्टी आपको छह गारंटी दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक के लोगों से किए गए वादे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा, हम जो वादे करते हैं उन्हें पूरा करते हैं, लेकिन वे केवल वोट के लिए वादा करते हैं और फिर चले जाते हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की पांच गारंटी के कार्यान्वयन पर संदेह जताने के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी एक लक्जरी बस की व्यवस्था करेंगे और बीआरएस नेताओं को कर्नाटक ले जाएंगे और उन्हें वादों के कार्यान्वयन के बारे में बताएंगे। खरगे ने बीआरएस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा और मोदी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) सवाल करते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया? और उनकी 'बी' टीम बीआरएस भी यही बात कह रही है। मुझे लगता है कि दोनों के बीच एक गुप्त समझौता है और वे केवल वही काम करते हैं जिससे उन्हें फायदा होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीबों के बारे में सोचती है। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही गरीबों, छात्रों, किसानों, महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अधिकारों के लिए लड़ती है। उन्होंने बीआरएस सरकार पर अपने शासन के पिछले नौ वर्ष में तेलंगाना को पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज के जाल में फंसाने का आरोप लगाया। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आजकल बीआरएस के नेता कांग्रेस के खिलाफ बोलते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वह सोनिया गांधी ही थीं जिन्होंने तेलंगाना के लोगों की इच्छाओं को पूरा किया।

श्रद्धांजलि



रविवार को बेंगलूरु में पुनित राजकुमार की पुण्य तिथि के अवसर पर अश्विनी पुनीथ राजकुंअर, राघवेंद्र राजकुमार और परिवार के सदस्यों ने उनकी समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 37 मछुआरों को किया गिरफ्तार, स्टालिन ने जयशंकर को लिखा पत्र

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर मार्ग भटक कर उसके जल क्षेत्र में प्रवेश करने को लेकर तमिलनाडु के 37 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने की उनकी पांच नौकाओं को भी जब्त कर लिया। मत्स्य पालन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने शनिवार रात मछुआरों को एक अभियान में पकड़ा था। इस महीने, श्रीलंकाई नौसेना ने राज्य की 10 नौकाओं को जब्त किया और 64 मछुआरों को पकड़ा है।

मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने इस मुद्दे को केंद्र के समक्ष उठाते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर से सभी मछुआरों, और उनकी मछली पकड़ने की नौकाओं को छुड़ाना सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने 28 अक्टूबर को 37 मछुआरों की गिरफ्तार किये जाने के घटनाक्रम की ओर विदेश मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा,जैसा कि आप जानते हैं हमारे मछुआरे आजीविका के लिए मछली पकड़ने पर निर्भर हैं और इनकी लगातार गिरफ्तारियों से मछुआरा समुदाय को भारी परेशानी और कष्ट हो रहा है।

स्टालिन ने रविवार को जयशंकर को लिखे पत्र में कहा कि श्रीलंकाई नौसेना के ऐसे कृत्यों ने राज्य में मछुआरा समुदायों पर दबाव डाला है और उनके मन में दहशत पैदा कर दी है। पत्र की एक प्रति यहां मीडिया को भी उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री ने कहा,'मैं बताना चाहता हूं कि तमिलनाडु के मछुआरों को लगता है कि उनकी आवाज कमजोर पड़ रही है। मुझे लगता है कि भारत सरकार को हमारे मछुआरों के अधिकारों के लिए मुखर होना चाहिए और उनकी सुरक्षा के लिए बोलना चाहिए।' मुख्यमंत्री ने पाक जलडमरूमध्य क्षेत्र में भारतीय मछुआरों के मछली पकड़ने के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग भी दोहराई।

उन्होंने पत्र में कहा कि मछुआरों की गिरफ्तारी और नौकाओं की जब्ती को रोकने की लगातार मांग के बावजूद श्रीलंकाई नौसेना का भारतीय मछुआरों को पकड़ना जारी है। साथ ही, उन्होंने गिरफ्तारी को रोकने के लिए अविलंब ठोस राजनयिक पहल करने की भी अपील की।

# कांग्रेस ने 2024 के विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की

**बेंगलूरु/दक्षिण भारत।** कांग्रेस ने अगले वर्ष होने वाले कर्नाटक विधान परिषद चुनाव के लिए रविवार को उम्मीदवारों की सूची जारी की। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्य विधान परिषद में पांच निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दे दी है। दो स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार हैं-नॉर्थ ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र से डॉ बी चंद्रशेखर बी और बेंगलुरु सीट से रामोजी गौड़ा।

# तेलंगाना चुनाव : तीन नवंबर से प्रधानमंत्री मोदी सहित स्टार प्रचारक भाजपा के अभियान को देंगे गति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई तीन नवंबर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा तथा राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों की जनसभाओं के जरिये अपने चुनाव प्रचार अभियान को गति देगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने रविवार को यह जानकारी दी। रेड्डी ने यहां पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य की सत्ता में आने के बाद पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री बनाने की भाजपा की घोषणा ऐतिहासिक और सामाजिक क्रांति के समान है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हाल में तेलंगाना में आयोजित चुनावी रैली में घोषणा की थी कि 30 नवंबर के विधानसभा चुनाव के बाद अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है तो वह पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाएगी। रेड्डी ने कहा, मोदी स्वयं गरीब परिवार से आते हैं और प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने राष्ट्र की महान सेवा की है। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों ने पार्टी के फैसले की प्रशंसा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह तेलंगाना में दलित मुख्यमंत्री बनाने के अपने वादे से पीछे हट गए। रेड्डी ने कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और उसके नेताओं के पास भाजपा की आलोचना करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अगर भाजपा तेलंगाना की सत्ता में आती है तो मुस्लिमों को मिले आरक्षण को खत्म कर देगी और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाएगी।

# लैटेंटव्यू एनालिटिक्स ने दूसरी तिमाही में 34 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** वैश्विक डिजिटल एनालिटिक्स और परामर्श और समाधान कंपनी लैटेंटव्यू एनालिटिक्स लिमिटेड का जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 34 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने यह जानकारी दी है।

शहर की इस कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 37.2 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 66.8 करोड़ रुपये रहा है, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 68.7 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 172.6 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 141.2 करोड़ रुपये दर्ज की गई थी। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही में कंपनी की एकीकृत कुल आय पिछले वर्ष की इसी अवधि के 270.97 करोड़ रुपये से बढ़कर 338.23 करोड़ रुपये हो गई।



# 'अगर मौका मिले तो हर कोई प्रतिभाशाली बन सकता है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि कोई भी जन्मजात प्रतिभाशाली नहीं होता है। अगर मौका मिले तो हर कोई प्रतिभाशाली बन सकता है। वे रविवार को यहां कालिदास हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट और अहिल्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रेरणा समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभा जाति और धर्म तक सीमित नहीं होती। यदि सभी को शिक्षा का अवसर और लाभ दिया जाए तो प्रतिभा निश्चित रूप से सामने आएगी। इसलिए आत्मसम्मान के साथ अच्छे नागरिक बनकर जीने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है।

### कड़ी मेहनत और लक्ष्य ज़रूरी

उन्होंने यह भी अपील की कि सभी को शिक्षित होना चाहिए और उन लोगों की मदद करनी चाहिए, जो शिक्षा से वंचित हैं। हमें उस समाज के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी, जिसने हमारी मदद की है। कड़ी मेहनत और लक्ष्य के बिना कोई भी कुछ हासिल नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने वंचित समुदाय और लड़कियों को शिक्षा का अधिकार दिया। इस इतिहास को ठीक से समझना चाहिए। मुख्यमंत्री ने याद करते हुए बताया कि वे बीएससी की पढ़ाई के दिनों में होटल से करी लाते थे और रात के खाने के लिए कमरे में चावल पकाते थे। चूंकि ऐसी स्थिति में हजारों विद्यार्थी हैं, इसलिए उन्होंने विद्यासिरी कार्यक्रम शुरू किया।

### जातीय जनगणना पर रिपोर्ट

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूरे देश में सबसे पहले जातीय जनगणना कराने वाली सरकार थी। मैंने प्रत्येक जाति की आर्थिक, सामाजिक स्थिति जानने के उद्देश्य से जाति जनगणना कराई थी। बाद में सरकारों ने जनगणना रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जयप्रकाश हेगड़े जातीय जनगणना पर रिपोर्ट पेश करेंगे। हम इसे प्राप्त करेंगे। पिछड़े वर्ग के मेडिकल विद्यार्थियों को सम्मान एवं छात्रवृत्ति वितरण का कार्यक्रम कनक गुरुपीठ के सिद्धरामानंद स्वामीजी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री बैराथी सुरेश, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराजू, पूर्व पार्षद बीएन नीतीश पुरुषोत्तम और कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नियमों में संशोधन करने का निर्णय

बताया गया कि पहले, ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की संख्या कम और पद ज्यादा होते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। डॉक्टरों की संख्या खाली पदों से ज्यादा हो गई है। इसलिए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार ने ग्रामीण डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने के लिए नियमों में संशोधन करने का निर्णय लिया है।

# शिवकुमार की अनुपस्थिति में सिद्दरामैया और परमेश्वर के बीच मुलाकात से अटकलों का बाजार गर्म

## ऑपरेशन हस्त बनाम ऑपरेशन लोटस ने पकड़ा जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** कर्नाटक में राजनीतिक परिदृश्य एक बार फिर गर्म हो रहा है। कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे के नेताओं को लुभाने के प्रयास में एक बार फिर आमने-सामने हो गए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में यह 'ऑपरेशन हस्त' बनाम 'ऑपरेशन लोटस' बन गया है। कर्नाटक राज्य विधानसभा में 136 सीटें जीतकर, पांच गारंटी योजनाओं को लागू करके और अपनी स्थिति मजबूत करके प्रचंड जीत दर्ज करने के बाद आगामी चुनाव में कांग्रेस 20 से अधिक लोकसभा सीटें जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। फिलहाल राज्य की 28 में से 25 संसदीय सीटें बीजेपी के पास हैं।

उपमुख्यमंत्री व राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, ने अवैध शिकार के खिलाफ युद्ध की घोषणा की है और सीधे तौर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से विपक्षी पार्टी के नेताओं को तोड़ने का आह्वान किया है। पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर और पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी ने उत्तरी कर्नाटक में भाजपा के प्रमुख नेताओं को अपने साथ खींच लिया था। सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में पार्टी की 20 सीटों पर जीत सुनिश्चित कर शिवकुमार 2.5 साल के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री पद पर दावा करने के लिए तैयार हैं। दूसरी ओर, जद (एस) के साथ गठबंधन के बाद प्रतिस्पर्धी दिख रही भाजपा विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर एक जुआ खेलने की तैयारी में है। लेकिन यह कार्य लगभग असंभव प्रतीत होता है, पर नेताओं ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनाव में कर्नाटक बीजेपी 66 सीटें जीतने में कामयाब रही और 19 सीटों वाली जद (एस) के साथ गठबंधन के साथ संख्या 85 हो जाएगी। राज्य विधानसभा में जादुई संख्या 113 है और कांग्रेस के पास 136 सीटें हैं।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और गृह मंत्री जी परमेश्वर के बीच रात्रिभोज बैठक से सत्तारूढ़ दल में अंदरूनी कलह की अटकलें तेज हो गई हैं। यह बैठक डॉ. परमेश्वर के आवास पर हुई, जिसमें बेलगावी की राजनीति में श्री शिवकुमार के हस्तक्षेप के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करने वाले लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली और समाज कल्याण मंत्री एचसी महादेवप्पा भी शामिल हुए। जारकीहोली कर्नाटक में सिद्दरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में लोक निर्माण मंत्री होने के साथ-साथ बेलगावी जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं।


**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना सं. सडिका/बिजली/निर्माण/2023-24 दिनांक: 30.10.2023**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर/अनु/शेल, सवारी डिब्बा कारखाना निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं-

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रुपए लाख में) | बयाना राशि रुपए में | निविदा बंद करने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 2023245211214R | ईएल-डब्ल्यू-869 फर्निशिंग कारखाना में शॉप 54 के पास मौजूदा पेंट गोदाम के निकट प्रस्तावित शेड । (वंदे भारत-2 परियोजना के अंतर्गत) | 15.10 | 30,200/- | 29.11.2023 15.30 बजे |

आवेदन जमा करने की वेबसाइट: www.ireps.gov.in

G20 वसुधैव कुटुम्बकम् एक धरती • एक परिवार • एक भविष्य

**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**नीलामी सूचना**

एसएसई/वनरोपण और एसएसई/डब्ल्यू/जीएल परिसर में निम्नलिखित स्थानो पर उपलब्ध लगभग 120 मीट्रिक टन सूखे/मृत पेड़ों/जड़ सड़ चुके पेड़ों और लकड़ी के लट्ठों (सागौन और चंदन की लकड़ी को छोड़कर) की बिक्री के लिए सार्वजनिक नीलामी की जा रही है । नीलामी, आईसीएफ के एसएसई/वनरोपण कार्यालय में दिनांक 30.11.2023 को प्रात: 10.00 बजे होगी । आरक्षित मूल्य रु. 1,050/- (रुपये एक हजार पचास मात्र) प्रति मीट्रिक टन । नियम, शर्तों और अन्य विवरणों के लिए एसएसई/बागवानी/आईसीएफ, चेन्नै-38 से कार्य दिवसों के दौरान संपर्क किया जा सकता है या www.icf.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | एसएसई/डब्ल्यू/सामान्य के कार्यालय की पूर्वी ओर | 3 | पुरुष रेस्ट रुप के पश्चिमी भाग से नारियल पेड़ तक |
| 2 | एसएसई/वनारोपण कार्यालय के महिला रेस्ट रुम के नजदीक | 4 | 100 केएलडी एसटीपी मेन गेट की दक्षिणी ओर |

कार्यपालक इंजीनियर

G20 वसुधैव कुटुम्बकम् एक धरती • एक परिवार • एक भविष्य

# राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में पार्टी नेताओं के करीबी परिजनों को टिकट दिए

विधानसभा चुनाव






दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों ने पार्टी नेताओं के करीबी परिजनों को टिकट दिए हैं। राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने कहा, 'हमारी पार्टी ने विद्रोह से बचने के लिए सावधानीपूर्वक कदम उठाए हैं। आगामी विधानसभा चुनावों में विद्रोह की आशंका टालने के लिए नेताओं के परिवार के सदस्यों को टिकट दिए गए हैं।' भाजपा की 124 उम्मीदवारों की दो सूची में पार्टी ने कम से कम 11 ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिया है, जो प्रमुख नेताओं के परिवार के सदस्य हैं। वहीं, कांग्रेस के 95 उम्मीदवारों में से 18 ऐसे हैं, जिनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि रही है।

दोनों दलों ने अभी राजस्थान विधानसभा की सभी 200 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है। भाजपा उम्मीदवारों की सूची में प्रमुख नेताओं के बेटे, बेटियां, पोतियां और बहुएं शामिल हैं। पार्टी ने उन नेताओं के परिवार के सदस्यों पर उचित ध्यान दिया है, जिनकी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मौत हो गई। पार्टी ने दिवंगत सांसद सांवर लाल जाट के बेटे राम स्वरूप लांबा को नसीराबाद सीट से और दिवंगत पूर्व राज्य मंत्री दिगंबर सिंह के बेटे शैलेश सिंह को डीग-कुम्हेर सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। लांबा ने 2018 में भी भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। वह इससे पहले अजमेर सीट से लोकसभा उपचुनाव भी लड़ चुके हैं, लेकिन तब वह कांग्रेस के रघु शर्मा से 80,000 वोटों के अंतर से हार गए थे।

भाजपा का टिकट पाने वाले अन्य ऐसे प्रत्याशियों में गुर्जर नेता किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला (देवली-उनियारा सीट), पूर्व सांसद एवं जयपुर के पूर्व शाही परिवार की सदस्य गायत्री देवी की पोती दीया कुमारी (विद्यासागर नगर), पूर्व सांसद करणी सिंह की पोती एवं बीकानेर राजपरिवार की सदस्य सिद्धि कुमारी (बीकानेर पूर्व), पूर्व विधायक हरलाल सिंह खर्रा के बेटे झाबर सिंह खर्रा (श्रीमाधोपुर), पूर्व विधायक धर्मपाल चौधरी के बेटे मंजीत चौधरी (मुंडावर), पूर्व सांसद नाथूराम मिर्धा की पोती ज्योति मिर्धा (नागौर), पूर्व विधायक गौतम लाल मीणा के बेटे कन्हैया (धरियावद), पूर्व मंत्री किरण माहेश्वरी की बेटी दीप्ति माहेश्वरी (राजसमंद) और पूर्व विधायक श्रीराम भींचर की बहू सुमिता (मकराना) शामिल हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि बगावत से बचने के साथ-साथ 2008 के विधानसभा चुनाव जैसे नतीजे टालने के लिए यह कदम उठाया गया है। दरअसल, पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 15 से ज्यादा सीटों के नुकसान के कारण सत्ता गंवानी पड़ी थी। पार्टी 78 सीटें हासिल कर सकी थी, जबकि कांग्रेस भी सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत हासिल नहीं पाई थी और उसके खाते में 96 सीटें गई थीं।

अगर तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खिलाफ बगावत के कारण भाजपा को झटका नहीं लगा होता, तो पार्टी निर्दलीय उम्मीदवारों को साथ लेकर सरकार बना सकती थी। 2018 के चुनाव में बसपा ने छह सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि 14 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों और अन्य को विजय हासिल हुई थी। दूसरी ओर, कांग्रेस ने भी बड़ी संख्या में राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। इनमें से ज्यादातर वे हैं, जो 2018 में चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। कांग्रेस की 95 उम्मीदवारों की तीन सूची में 18 ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि है। इनमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी की पत्नी सुशीला डूडी (नोखा सीट), पूर्व विधायक भंवर लाल शर्मा के बेटे अनिल शर्मा (सरदारशहर), पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के बेटे बृजेंद्र ओला (झुंझुनूं), विधायक सफिया खान के पति जुबेर (रामगढ़) शामिल हैं। पार्टी बिरदीचंद जैन के रिश्तेदार मेवाराम जैन (बाड़मेर) और पूर्व मंत्री भंवर लाल मेघवाल के बेटे मनोज मेघवाल (सुजानगढ़) पर भी दांव खेल रही है। कांग्रेस ने राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले जिन अन्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, उनमें पूर्व विधायक रामनारायण चौधरी की बेटी रीटा चौधरी (मंडावा), पूर्व राज्यसभा सांसद अबरार अहमद के बेटे दानिश अबरार (सवाई माधोपुर), पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट के बेटे सचिन पायलट (टोंक), पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा के बेटे विजयपाल (डेगाना), पूर्व मंत्री महिपाल मदेरणा की बेटी दिव्या मदेरणा (ओसियां), पूर्व मंत्री मलखान बिश्नोई के बेटे महेंद्र (लूनी) और पूर्व मंत्री गुलाब सिंह शक्तावत की बहू प्रीति (वल्लभनगर) शामिल हैं।

हैरानी की बात यह है कि सितंबर के पहले सप्ताह में कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पार्टी में वंशवाद की राजनीति पर चिंता जताई थी। उन्होंने युवा कांग्रेस की एक बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा था, अगर कांग्रेस में बड़े नेता अपने परिवार को पीछे नहीं रखेंगे, तो पार्टी कैसे आगे बढ़ेगी। मेरा 22 साल का बेटा है, लेकिन मैंने उसे कभी कोई पद नहीं दिया। मेरे पिता दो बार पार्टी प्रमुख और मंत्री रहे, लेकिन उन्होंने हमें कभी कोई पद नहीं दिया।

## शुभारंभ



जोधपुर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के संभाग स्तरीय मीडिया सेंटर का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कार और ट्रक की टक्कर में सात लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के हनुमानगढ़ टाउन थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार और सीमेंट से भरे ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में चार महिलाओं सहित एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि हादसा शनिवार देर रात मेगा हाईवे पर लखूवाली और शेरगढ़ के बीच उस समय हुआ, जब कार में सवार परिवार के नौ सदस्य करीब चार किलोमीटर दूर आदर्श नगर गांव में एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। सभी हनुमानगढ़ जिले के नौरंगदेसर गांव के रहने वाले थे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस हादसे पर दुख जताया है। थानाधिकारी वेद पाल के मुताबिक, मृतकों की पहचान परमजीत कौर (60), खुशविंदर सिंह (25), उसकी पत्नी परमजीत कौर (22), बेटा मनजोत सिंह (5), रामपाल (36), उसकी पत्नी रीना (35) और बेटी रीत (12) के रूप में हुई है। पाल ने बताया कि घायलों की पहचान आकाशदीप सिंह (14) और मनराज कौर (2) के रूप में हुई है। दोनों को बीकानेर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, अब परिवार में बीमार दादा की देखभाल के लिए केवल आकाशदीप और मनराज ही बचे हैं। उसने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच से पता चला है कि ट्रक गलत दिशा से आ रहा था और एक वाहन से आगने निकलने की कोशिश कर रहा था। उसने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मुख्यमंत्री गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, हनुमानगढ़ में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत बेहद दुखद है। मैं ईश्वर से दिवंगत जनों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, मैं सभी से अपील करता हूं कि सड़क पर चलते समय बेहद सावधानी बरतें। एक छोटी-सी गलती जीवन भर की पीड़ा दे जाती है।

# 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान नहीं, भारतीय संस्कृति है : कलराज मिश्र




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को कहा कि 'मेरी माटी, मेरा देश' एक अभियान नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपनी मिट्टी से प्यार करते हैं, वही सार्थक जीवन जीते हैं। मिश्र ने इस अभियान के तहत राजस्थान के हर गांव से मिट्टी एकत्र कर उसे एक कलश में रखकर राजधानी दिल्ली में बन रही अमृत वाटिका में भेजने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे राजस्थान की संस्कृति की खुशबू और यहां का गौरव फैलेगा।

मिश्र रविवार को राजभवन में भारतीय डाक विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह 'मेरी माटी, मेरा देश' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियान के दूसरे चरण के तहत ब्लॉक एवं जिला स्तर पर करीब 45 हजार गांवों से होते हुए राजधानी जयपुर पहुंची अमृत कलश यात्रा से जुड़े सभी लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मिश्र ने कहा कि 'मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन' एक अभिनव पहल है, जो लोगों के मन में राष्ट्रवाद की भावना भरती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में स्थानीय प्रशासन और नेहरू युवा केंद्र जैसे संगठनों ने लगभग सभी गांवों में इसके तहत वीरों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए हैं। मिश्र ने स्मारक के रूप में 11,814 'शिलाफलकम' के निर्माण और शहीदों के नाम अंकित करने के कार्य को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा कि 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान एक बहुत ही सार्थक पहल है, क्योंकि इसके माध्यम से राजस्थान में वसुधा वंदन के तहत वृक्षारोपण की महत्वपूर्ण कवायद की गई है, जिससे आने वाले समय में यहां पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय बदलाव आएगा। 'आजादी के अमृत महोत्सव' पर राज्यपाल ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के जरिये वीरों को सम्मानित करने का वादा किया, जो देश की एकता और अखंडता के साथ-साथ लोगों को संस्कृति के गौरव का अनुभव कराने से जुड़ा है। इससे पहले, राज्यपाल ने संविधान की प्रस्तावना और उसमें प्रदत्त मौलिक अधिकारों का वाचन किया। वहीं, राज्य की मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने 'आजादी के अमृत महोत्सव' के तहत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के प्रथम चरण में बनाए गए 'शिलाफलकम' के निर्माण और उससे जुड़े कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। अमृत वाटिकाओं में पौधारोपण भी किया गया।

## गहलोत के ओएसडी ने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी (ओएसडी) लोकेश शर्मा ने विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी पेश करते हुए अपने समर्थकों के साथ यहां मुख्यमंत्री आवास के बाहर शक्ति प्रदर्शन किया। शर्मा विधानसभा चुनाव में भीलवाड़ा सीट से दावा कर रहे हैं। वह पहले बीकानेर से टिकट मांग रहे थे। कांग्रेस ने बीकानेर पश्चिम सीट से मंत्री बी डी कल्ला को फिर उम्मीदवार बनाया है। राज्य में विधानसभा चुनाव 25 नवंबर को होने हैं और मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

शर्मा बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ शनिवार शाम यहां सिविल लाइंस इलाके में मुख्यमंत्री आवास के बाहर पहुंचे। उनके समर्थकों ने भीलवाड़ा शहर से शर्मा को टिकट देने की मांग करते हुए नारे लगाए। बाद में, गहलोत ने मुख्यमंत्री आवास में शर्मा और उनके समर्थकों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनकी दावेदारी पर ध्यान देने का आश्वासन दिया। कांग्रेस पार्टी की 'स्क्रीनिंग कमेटी' की बैठक रविवार को दिल्ली में होने वाली है। गहलोत इसके लिए दिल्ली पहुंच गए हैं।




# पांचों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा जिला कार्यालय से रवाना किए प्रचार रथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा । भाजपा जिला कार्यालय से रविवार को जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार रथों को रवाना किया गया। केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं के साथ भाजपा की रीति, नीति और संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एलईडी रथों को भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ प्रभु दयाल शर्मा ने सहित अन्य नेताओं ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहाकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जैसे अनुभवी और वरिष्ठ नेता की ईडी पर अभद्र भाषा का प्रयोग उनके डर और चुनाव की संभावित हार को दिखा रहा है। उनको यह भय सता रहा है कि उनकी सरकार का काला चेहरा जो अब तक छिपा हुआ था वह जनता के सामने आ चुका है, जो उनकी सत्ता जाने का कारण बनेगा। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला प्रचार प्रसार संयोजक जेपी जैमन, दौसा विधानसभा संयोजक महेंद्र तिवारी, आलोक जैन, सिकंन्दरा मण्डल अध्यक्ष विशंभर बांसड़ा, कुण्डल मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद कालौता, महेश सैनी, आशा मीना, पुष्पा धोशी, उर्मिला जोशी, पुजा पंजाबी, दीपक जोशी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व संयोजक थे।

## हनुमान चालीसा



जयपुर में रविवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के मुरलीपुरा मण्डल में विशाल हनुमान चालीसा पाठ में सम्मिलित होती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने निकाला फ्लैग मार्च

बीकानेर। जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल तथा पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने शनिवार को बीएसएफ की तीनों कंपनियों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक मतदाता निर्भय होकर तथा आत्मविश्वास के साथ अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इसके मद्देनजर यह मार्च निकाला गया। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी, जिससे आम मतदाताओं की किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

उन्होंने कहा कि भयमुक्त और निष्पक्ष निर्वाचन पुलिस और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी।

# शेखावाटी क्षेत्र के युवाओं में सेना में भर्ती से जुड़ी अग्निपथ योजना को लेकर निराशा की भावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

झुंझुनूं। भारतीय सेना में सेवा देने का सपना लेकर तड़के 3.30 बजे उठना और दौड़ लगाना पिछले कुछ वर्षों से दीपक मील की दिनचर्या का हिस्सा रहा है, लेकिन उसमें निराशा की भी भावना है। इसकी वजह सैनिकों की भर्ती से जुड़ी अग्निपथ योजना है। मील की तरह ही शेखावाटी क्षेत्र के सैकड़ों युवा सेना में भर्ती होने के लिए हर दिन इसी तरह की दिनचर्या का पालन करते हैं। उन सभी में भी अग्निपथ योजना को लेकर निराशा है।

हालांकि, उम्मीदवार पिछले साल जून में शुरू की गई इस योजना के राजनीतिक निहितार्थों के बारे में मुखर नहीं हैं, लेकिन स्थानीय लोगों के बीच होने वाली चर्चाओं में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के प्रति नाराजगी स्पष्ट रूप से झलकती है। भाजपा 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत के जरिये राज्य की सत्ता वापस हासिल करना चाहती है। एक तरफ जहां भाजपा नेताओं का दावा है कि अग्निपथ योजना को लेकर कोई नकारात्मक माहौल नहीं है, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस का कहना है कि योजना के साथ सब कुछ ठीक नहीं है। पार्टी का दावा है कि कई उम्मीदवार, पूर्व सैनिक और अभी भी सेवारत कर्मी इस योजना से नाखुश हैं। अग्निपथ योजना सैनिकों को चार साल की सेवा अवधि प्रदान करती है, जिसमें से 25 फीसदी को आगे भी सेवा जारी रखने के लिए चुने जाने का प्रावधान है।

'पीटीआई-भाषा' ने कई उम्मीदवारों से बात की, जिन्होंने इस योजना पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे सेना में भर्ती होने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, कुछ तो पांच-छह साल तक ऐसा करते हैं, लेकिन केवल चार साल की सेवा के लिए यह सब करना न्याय नहीं है। मील ने स्थानीय स्टेडियम में अपने अभ्यास सत्र के दौरान 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम तड़के चार बजे स्टेडियम में दौड़ना शुरू करते हैं, जिसके बाद डेढ़ घंटे तक व्यायाम करते हैं। सरकार से अब क्या उम्मीद की जा सकती है, वह पहले ही अग्निपथ ला चुकी है।

# शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग का हुआ स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। आयुर्वेद एवं तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग रविवार को सुबह 10 बजे दीपावली के पावन पर्व पर रामा-श्यामा करने बाजार में निकले। इस दौरान उनका जगह-जगह व्यापारियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने स्वागत किया। इसके साथ ही उन्हें भरतपुर शहर का फिर से प्रतिनिधित्व करने की शुभकामनाएं भी दीं।



राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग ने दीपावली की रामा-श्यामा कार्यक्रम की शुरूआत कुम्हेर गेट चौराहे से की। इसके बाद वे शहर के मुख्य बाजारों में होते हुए बिजली घर चौराहे तक गए। इस दौरान उनका व्यापारियों ने जगह-जगह पर माल साफा पहनकर भव्य स्वागत-सम्मान किया। पद यात्रा के दौरान गर्ग ने जहां बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों से आशीर्वाद लिया। वहीं बच्चों को आशीर्वाद के साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

मीडिया से बातचीत में डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि भरतपुर शहर के विकास को लेकर उन्होंने 10 साल का विजन बनाया है। वे चाहते हैं कि भरतपुर महानगरों की तर्ज पर विकसित हो। इसे शिक्षा और मेडिकल का हब बनाया जाए। ताकि युवाओं को यहां रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हों। इस कड़ी में यहां कॉलेजों की संख्या 4 से बढ़कर 12 हो गई है।

भरतपुर शहर की दशकों पुरानी जलभराव की समस्या का समाधान किया जा रहा है। सिटी फ्लड कंट्रोल ड्रेन (सीएफसीडी) का काम शुरू हो गया है। स्वास्थ्य की दृष्टि से आरबीएम अस्पताल में मल्टी स्पेशियलिटी सुविधाएं मुहैया कराए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल की नई बिल्डिंग का काम भी चल रहा है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से भरतपुर महत्वपूर्ण स्थान है। वे चाहते हैं कि यहां ज्यादा से ज्यादा पर्यटक आएं। इसलिए पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। केवलादेव घना के सामने और सुजान गंगा नहर पर चौपाटी का निर्माण कराया गया है।

# छत्तीसगढ़ पांच साल से 'ग्रहण' के अधीन है, अब इसे हटाने का समय आ गया: नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य पांच साल से 'ग्रहण' के अधीन है और अब इसे हटाने का समय आ गया है।

नड्डा ने राज्य के डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता के कल्याण की नहीं बल्कि हमेशा अपने या अपने परिवार के कल्याण के बारे में सोचती है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह तय करना होगा कि वे ऐसी सरकार चुनना चाहते हैं जो खुद की सेवा करती हो या वह जो लोगों की सेवा करती हो। डोंगरगढ़ उन 20 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां चुनाव के पहले चरण में सात नवंबर को मतदान होगा। अन्य 70 सीटों पर दूसरे चरण में 17 नवंबर को मतदान होगा। नड्डा ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ में अपनी पहली चुनावी रैली का शंखनाद देवी मां बम्लेश्वरी की पावन धरती से किया।

डोंगरगढ़, पहाड़ी में स्थित मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। यह छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र का सीमावर्ती इलाका है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'छत्तीसगढ़ में कांग्रेस द्वारा विकास के लिए रखी गई एक भी ईंट या पत्थर नहीं है। लेकिन मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा राज्य में



विकास की हर एक ईंट पर अपनी भूमिका का दावा कर सकती है।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने कभी भी लोगों के बारे में नहीं सोचा, उसने केवल अपने और अपने परिवार के बारे में सोचा.. कांग्रेस (तत्कालीन मध्य प्रदेश) में मुख्यमंत्रियों की एक लंबी श्रृंखला थी, अर्जुन सिंह, मोतीलाल वोरा और श्यामाचरण शुक्ला। वहीं प्रधानमंत्रियों (केंद्र में पिछली कांग्रेस सरकार में) की भी एक लंबी श्रृंखला थी। लेकिन छत्तीसगढ़ को इसका नाम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने दिया था। उन्होंने :कांग्रेस ने: यहां शासन किया लेकिन कभी छत्तीसगढ़ के बारे में नहीं सोचा और यह वाजपेयी जी ही थे जिन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों के बारे में सोचा।' केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान मध्य प्रदेश से अलग होकर 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया गया था। भ्रष्टाचार को लेकर भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए, नड्डा ने कहा, 'शनिवार को चंद्रग्रहण था। छत्तीसगढ़ पांच साल से ग्रहण के अधीन है और इसे हटाने का अवसर आ गया है।'

भाजपा अध्यक्ष ने बघेल सरकार में कथित घोटालों को गिनाते हुए पूछा कि क्या यह सरकार भ्रष्ट है या नहीं? क्या इस सरकार को सत्ता में बने रहने का अधिकार है? (जिस पर सभा में मौजूद लोगों ने हां में जवाब दिया)। उन्होंने लोगों से डोंगरगढ़ सीट से भाजपा के उम्मीदवार विनोद खांडेकर का समर्थन करने और अगले महीने के चुनाव में भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया।

# सिख समुदाय ने राम जन्मभूमि आंदोलन शुरू किया: राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सनातन धर्म के लिए सिख समुदायों के कार्यों का उल्लेख करते हुए रविवार को कहा कि वो सिख ही थे, जिन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन शुरू किया और कोई भी भारतीय उनके योगदान को कभी भुला नहीं सकता।

गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश उत्सव पर लखनऊ के आलमबाग गुरुद्वारा में सिख समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, सिख समुदाय ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए बहुत कुछ किया है। कोई भी भारतीय राम जन्मभूमि के लिए सिख समुदाय के योगदान को भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा, मैं सरकारी रिकॉर्ड के आधार पर एक महत्वपूर्ण तथ्य साझा करना चाहता हूं। एक दिसंबर, 1858 को दर्ज एक प्राथमिकी के मुताबिक, सिखों के एक समूह ने गुरु गोविंद सिंह के नाम का नारा लगाते हुए उस परिसर पर कब्जा कर लिया था और दीवारों पर हर जगह राम-राम लिख दिया था। राजनाथ ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन सिखों द्वारा शुरू किया गया था। उन्होंने कहा, मौजूदा समय में हर कोई सिखों के हक के बारे में बात करता है, लेकिन देने के संबंध में कोई कुछ नहीं बोलता। यदि कोई समुदाय है, जिसने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया और सेना में जिसका प्रतिशत कहीं अधिक है, तो वह सिख समुदाय है।



## धामी सरकार उत्तराखंड को अग्रणी राज्य बनाने की प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही : भाजपा

**देहरादून/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि पुष्कर सिंह धामी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तय लक्ष्य के अनुरूप उत्तराखंड को 2025 तक अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। भाजपा की उत्तराखंड इकाई के प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि केंद्र की सहायता से राज्य की मूलभूत अवसंरचना में बड़े पैमाने पर सुधार आया है जबकि वर्षों से भर्ती प्रक्रिया पर जिन माफिया का नियंत्रण था उन्हें उखाड़ फेंका गया है।

यहां संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, ''इन कार्यों का नतीजा है कि हाल के वर्षों में 15,000 से अधिक सरकारी नौकरियां पूरी पारदर्शिता से योग्य उम्मीदवारों को दी गई।'' जोशी ने कहा, ''धामी के नेतृत्व में हमारी सरकार 2025 तक उत्तराखंड को आत्मनिर्भर व अग्रणी राज्य बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है।'' भाजपा 'डबल इंजन' सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए अगले कुछ दिनों में कई संवाददाता सम्मेलन आयोजित करेगी और इसी कड़ी में पहला संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। जोशी ने अगले महीने यहां वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन आयोजित करके उत्तराखंड में 2.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने के लिए धामी सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, ''मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमें पहले ही एमओयू के रूप में 69,300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का 30 प्रतिशत है।'' जोशी ने जमरानी बांध के लिए केंद्र द्वारा हाल में दी गई वित्तीय मंजूरी का स्वागत करते हुए कहा कि इससे राज्य में कुमाऊं के तराई इलाके के लोगों का पांच दशक का इंतजार खत्म हुआ।

# बंगाल के संसाधनों को लूट रही तृणमूल कांग्रेस, लोगों को कर रही वंचित: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य के संसाधनों को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) लूट रही है और लोगों को उनकी जरूरत की चीजों से वंचित कर रही है।

मजूमदार ने 'अमृत कलश यात्रा' के मौके पर प्रदेश इकाई की ओर से आयोजित एक समोरह को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में एक के बाद एक टीएमसी नेता जेल जा रहे हैं और कोई नहीं जानता कि यह सिलसिला




आखिर कहां जाकर खत्म होगा।

बलूरघाट से सांसद मजूमदार ने आरोप लगाया, 'एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ टीएमसी राज्य के संसाधनों को लूटकर लोगों को वंचित कर रही है।' उन्होंने कहा, ''मंत्री पार्थ चटर्जी के बाद अब ज्योति प्रिया मलिक को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। विधायक माणिक भट्टाचार्य पहले से ही जेल में बंद हैं। टीएमसी एक के बाद एक वरिष्ठ नेताओं के कारनामे अब सबके सामने आ रहे हैं। हमें हैरानी है, यह कहां खत्म होगा।'' मजूमदार ने कहा कि टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं ने लाखों लोगों को ठगा है, इसलिए भाजपा राज्य सरकार के ऐतिहासिक भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतरेगी। भाजपा नेता दिलीप घोष, अग्निमित्र पॉल और राहुल सिन्हा भी रैली में मौजूद थे। यह रैली कॉलेज स्क्वायर से शुरू हुई और एस्प्लेनेड पर जाकर खत्म हुई। भाजपा के एक नेता ने कहा कि करीब 1400 लोगों ने राज्य के 344 ब्लॉक से मिट्टी एकत्र की, जिसे कोलकाता रेलवे स्टेशन से एक विशेष ट्रेन में नई दिल्ली ले जाया जाएगा।

## 'मोदी सरकार ने स्मारकों की सुरक्षा के लिए बने कानून को 'कमजोर' करने का प्रयास किया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों की सुरक्षा के लिए बने 2010 के कानून को ''कमजोर'' करने की कोशिश की है और कांग्रेस ने अन्य विपक्षी दलों के साथ मिलकर इसका विरोध किया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें बिहार की राजधानी पटना स्थित जिस जगह पर संभवत: सम्राट अशोक का महल था उस क्षेत्र के संरक्षण और उसके आसपास के इलाकों के विकास के लिए राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) ने विरासत उपनियमों का मसौदा जारी किया है। रमेश ने इसे सराहनीय कदम करार दिया। रमेश ने अपनी पोस्ट में कहा, ''मार्च 2010 में संसद द्वारा प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष (संशोधन और मान्यता) अधिनियम पारित करने के तुरंत बाद



एनएमए की स्थापना की गई थी।'' उन्होंने कहा, ''खतरे में पड़ी हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए यह एक बड़ा कदम था।'' कांग्रेस नेता ने बताया कि एनएमए ने अब तक संसद के दोनों सदनों में 34 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों को शामिल करते हुए कुल आठ विरासत उपनियम पेश किए हैं। रमेश ने कहा, ''पटना के कुम्हरार क्षेत्र में अशोक के समय के प्रसिद्ध 80 स्तंभ वाले हॉल और अन्य संरचनाओं के लिए विरासत उपनियमों का मसौदा अब सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया गया है। यह बहुत अच्छी खबर है।'' उन्होंने दावा किया, ''लेकिन, यह कहने की जरूरत है कि मोदी सरकार ने 2010 के अधिनियम को कमजोर करने की कोशिश की है। यह कांग्रेस और अन्य दलों का दृढ़ प्रतिरोध है, जिसने अब तक ऐसा होने से रोका है।''

## बीसीसीआई ने जम्मू कश्मीर के क्रिकेटर पर दो साल का प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने जम्मू के रहने वाले युवा क्रिकेटर वंशज शर्मा पर अलग-अलग जन्म तिथियों के साथ कई जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया है। शर्मा मूल रूप से जम्मू के बिश्नाह के रहने वाले हैं लेकिन वह बाद में बिहार चले गए थे और अभी वहां के राज्य संघ के तहत खेल रहे थे।

जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के प्रमुख ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने कहा, ''वह वर्तमान में बिहार क्रिकेट संघ के साथ है। वह जेकेसीए के खिलाड़ी नहीं है।'' उन्होंने यहां जारी भी विज्ञप्ति में कहा,''वह पहले अंडर 19 खिलाड़ी के रूप में हमारे यहां पंजीकृत था। वह कभी जेकेसीए की तरफ से नहीं खेला। वह बाद में बिहार क्रिकेट संघ से जुड़ गया था और उसने अपनी जन्मतिथि के गलत प्रमाण पत्र दिए थे। बीसीसीआई ने उसे पकड़ लिया और कई जन्म प्रमाण पत्र देने के लिए उसे प्रतिबंधित कर दिया। '' विज्ञप्ति में कि शर्मा दो साल तक बीसीसीआई के किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकता। उस पर प्रतिबंध 27 अक्टूबर से लागू होगा।

# इकाना स्टेडियम में क्रिकेट मैच देखने पहुंचे अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** सपा के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को भारत-इंग्लैंड के बीच क्रिकेट विश्व कप मैच देखने के लिए भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पहुंचे। इस स्टेडियम का निर्माण अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते हुआ था।

स्टेडियम की ओर जाने वाली सड़कों पर व्यापक तौर पर यातायात जाम होने के कारण, यादव ने भाजपा सरकार को मैच के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की यातायात व्यवस्था करने की सलाह भी दी। सोशल मीडिया



मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, सपा ने देश के 'स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर' के मानक के रूप में लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट-स्टेडियम बनाकर दिया, जहां आज वर्ल्ड कप का मैच है। आशा है उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की यातायात व्यवस्था भी करेगी, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों को कोई भी असुविधा न हो।

यादव ने उक्त पोस्ट में मैच देखते हुए अपनी तस्वीरें भी साझा की। सपा प्रमुख ने सिलसिलेवार कई पोस्ट करके कहा, ''ये है सपा की बड़ी सोच का, बड़ा नज़ारा। सपा ने लखनऊ में सिर्फ़ ये स्टेडियम ही नहीं बनाया है बल्कि लखनऊ के लोगों के लिए आय और व्यवसाय बढ़ाने का एक और नया रास्ता खोला है।

## युवक ने पहली 'डेट' पर जाने के लिए भाजपा नेता से पैसे मांगे

**कोहिमा/भाषा।** आम तौर पर नेताओं के पास नौकरियों और प्रशासनिक काम में सहयोग, शादियों के वास्ते पैसे एवं आपात चिकित्सा स्थिति में मदद के अनुरोध आते हैं लेकिन नगालैंड में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तेमजिन इमना एलोंग के पास मदद का जो अनुरोध आया है वह कुछ अलग था। एक युवक ने अपनी 'ड्रीम गर्ल' के साथ पहली 'डेट' (प्रेमिका से मुलाकात) पर जाने से पहले एलोंग से वित्तीय मदद मांगी है। अरविंद पांडा नामक इस युवक ने उन्हें भेजे एक पत्र में कहा है, '' सर, मैं 31 अक्टूबर को पहली बार अपनी 'ड्रीमगर्ल' के साथ 'डेट' पर जा रहा हूं लेकिन अबतक मेरे पास कोई नौकरी नहीं है। इसलिए आपसे थोड़ी मदद की गुजारिश है। कृपया कुछ कीजिए।'' सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसका स्क्रीनशॉट साझा करते हुए प्रदेश भाजपा प्रमुख ने सवाल किया, '' बताओ मैं क्या करूं?'' उनके इस पोस्ट पर लोगों ने कई मजेदार जवाब दिये। एक ने एलोंग को उसकी (अरविंद की) जगह डेट पर चले जाने की सलाह दी। एक अन्य ने उन्हें उसकी 'डेट' का खर्चा उठाने का सुझाव दिया। 'एक्स' के एक उपयोगकर्ता ने यह भी कहा कि 'प्रेमी' को विधायक बना दिया जाना चाहिए। कई लोगों ने एलोंग से उसे नौकरी दिलाने का अनुरोध किया। अरविंद को भी कई लोगों ने सलाह दी है। उसे 'द आर्ट ऑफ बीइंग एलोन' नामक पुस्तक पढ़ने या अपने माता-पिता की पसंद की लड़की से शादी कर लेने को कहा गया है।

## मणिपुर से असम लाया जा रहा पांच करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में पांच करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त की गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि मादक पदार्थ मणिपुर से लाया जा रहा था। पुलिस ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए शनिवार रात लाहौरिजन चौकी क्षेत्र में वाहन को जांच के लिए रोका। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सैकिया ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, वाहन की गहन तलाशी के बाद, ''हमने भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया और एक तस्कर को गिरफ्तार किया, जो कि मणिपुर का रहने वाला है।'' पुलिस अभियान की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पुलिस ने साबुन के 50 डिब्बे जब्त किए जिनमें से 637.28 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब्त किये गये मादक पदार्थ की कुल कीमत स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मानकों के अनुसार संभवत: 5.1 करोड़ रुपये होगी।

## भारतीय स्टेट बैंक ने महेंद्र सिंह धोनी को बनाया ब्रांड एम्बैसडर



**नई दिल्ली/भाषा।** देश के सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पूर्व क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एम्बैसडर नियुक्त किया है। बैंक ने एक बयान में कहा कि एसबीआई के ब्रांड एम्बैसडर के तौर पर धोनी विभिन्न विपणन और प्रचार अभियानों में प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

बयान के अनुसार, तनावपूर्ण स्थितियों में संयम बनाए रखने की उनकी उल्लेखनीय क्षमता और स्पष्ट सोच और दबाव में त्वरित निर्णय लेने की उनकी प्रसिद्ध क्षमता उन्हें देशभर में अपने ग्राहकों और हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए एसबीआई के साथ आदर्श विकल्प बनाती है। एसबीआई ने कहा कि यह सहयोग विश्वसनीयता और नेतृत्व के मूल्यों को दर्शाते हुए अपने ग्राहकों के साथ गहरे संबंध बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा, इस साझेदारी के साथ हमारा लक्ष्य विश्वास, अखंडता और अटूट समर्पण के साथ राष्ट्र और अपने ग्राहकों की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।

## पुरातत्ववेत्ताओं ने जमीन में दबे मौर्यकालीन सभागार को लेकर चिंता जताई, तत्काल पुनरुद्धार की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** पुरातत्ववेत्ताओं ने पटना स्थित 80 खंभों पर बने प्राचीन सभागार के अवशेषों की स्थिति को लेकर गहरी चिंता जताई है। माना जाता है कि करीब दो हजार साल पहले सम्राट अशोक उसमें अपना दरबार लगाते थे। उन्होंने पुरातत्वस्थल की जमीन की 20 फुट की गहराई से नीचे तत्काल दोबारा खुदाई की मांग की। जो जगह पिछले दो दशक से मिट्टी में दबी है। मौर्यकालीन सभागार के अवशेष पटना के कुम्हरार क्षेत्र में स्थित हैं और इसकी पहली बार जानकारी 1912-13 की खुदाई में मिली। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने 2004 में कथित तौर पर बार-बार जल जमाव और पानी के रिसाव के चलते इस स्थल को मिट्टी से भर दिया था।

पुरातत्ववेत्ताओं और इतिहासकारों द्वारा मौर्यकालीन सभागार का पुनरुद्धार करने की मांग ऐसे समय आई है जब इस स्थल के संरक्षण और उसके आसपास के इलाकों के विकास के लिए राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) ने विरासत उपनियमों का मसौदा जारी किया है। बिहार हेरिटेज डेवलपमेंट सोसाइटी (बीएचडीएस) के कार्यकारी निदेशक बिजॉय कुमार चौधरी ने कहा, ''एएसआई कुम्हरार स्थित 80 स्तंभों वाले सभागार सहित अशोक/मौर्यकालीन महल के सरंक्षण के लिए जिम्मेदार है। उस इस प्राचीन स्थल की फिर से खुदाई करनी चाहिए और इसे सतह पर वापस लाना चाहिए।'' उन्होंने 'पीटीआई-भाषा'से कहा, ''यह सभागार पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में मौर्य सम्राटों की स्थापत्य गतिविधियों का एकमात्र साक्ष्य माना जाता है। संबंधित प्राधिकरण ने सालभर जलभराव का हवाला देते हुए 2004 में 80-स्तंभों वाली इस संरचना को रेत और मिट्टी से भर दिया था। तब से, यह पूरी तरह से जमीन के अंदर दबा हुआ है और इसे सतह पर वापस लाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए।'' एएसआई (पटना परिक्षेत्र) के अधिकारियों से मामले पर प्रतिक्रिया के लिए संपर्क नहीं किया जा सका। पटना विवि में प्राचीन इतिहास और पुरातत्व विभाग के पूर्व प्रोफेसर ओ.पी. जायसवाल ने कहा, ''पटना का कुम्हरार क्षेत्र में प्रचीन पाटलिपुत्र के अवशेषों का उत्खनन किया गया था।'' उन्होंने बताया कि 322 से 185 ईसा पूर्व के मौर्यकालीन अवशेष कुम्हरार से मिले हैं जिनमें 80 खंभों वाले सभागार के अवशेष भी शामिल हैं। जायसवाल ने कहा, ''हम जारी किए गए उपनियमों के मसौदे के बारे में चिंतित नहीं हैं... हम बस एएसआई द्वारा सभागार का पुनरुद्धार चाहते हैं। 2004 में मिट्टी में दबाने से पहले मैंने व्यक्तिगत रूप से इस संरचना को देखा था। उसी सभागार में सम्राट अशोक दरबार लगाते थे।''

# कांग्रेस तेलंगाना में छह गारंटी लागू करेगी: मल्लिकार्जुन खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आश्वासन दिया कि यदि पार्टी तेलंगाना की सत्ता में आती है तो वह राज्य में अपनी छह गारंटी लागू करेगी। उन्होंने सवाल किया कि तेलंगाना में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार में किसे फायदा हुआ?

खरगे ने संगारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तेलंगाना में कांग्रेस द्वारा घोषित छह चुनावी गारंटी पर प्रकाश डाला और लोगों से राज्य में कांग्रेस को चुनने का आग्रह किया।

तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। उन्होंने 'केसीआर' के नाम से जाने जाने वाले तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए, ''केसीआर जी जो चाहते थे, करते रहे और खरगे ने पूछा कि ''इससे किसे फायदा हुआ?'' उन्होंने कहा, ''क्या छात्रों, महिलाओं और



किसानों को फायदा हुआ? इसीलिए कांग्रेस पार्टी आपको छह गारंटी दे रही है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक के लोगों से किए गए वादे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा, ''हम जो वादे करते हैं उन्हें पूरा करते हैं, लेकिन वे केवल वोट के लिए वादा करते हैं और फिर चले जाते हैं।'' कर्नाटक में कांग्रेस की पांच गारंटी के कार्यान्वयन पर संदेह जताने के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी एक लक्जरी बस की व्यवस्था करेंगे और बीआरएस नेताओं को कर्नाटक ले जाएंगे और उन्हें वादों के कार्यान्वयन के बारे में बताएंगे।

खरगे ने बीआरएस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा, ''भाजपा और मोदी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) सवाल करते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया? और उनकी 'बी' टीम बीआरएस भी यही बात कह रही है। मुझे लगता है कि दोनों के बीच एक गुप्त समझौता है और वे केवल वही काम करते हैं जिससे उन्हें फायदा होता है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीबों के बारे में सोचती है। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही गरीबों, छात्रों, किसानों, महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अधिकारों के लिए लड़ती है। उन्होंने बीआरएस सरकार पर अपने शासन के पिछले नौ वर्ष में तेलंगाना को पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज के जाल में फंसाने का आरोप लगाया। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आजकल बीआरएस के नेता कांग्रेस के खिलाफ बोलते हैं।

## सुविचार

**ज़िन्दगी जीने के दो तरीके होते है, पहला जो पसंद है उसे हासिल करना सीख लो, दूसरा जो हासिल है उसे पसंद करना सीख लो।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बड़ी कार्रवाई की प्रतीक्षा

पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा जम्मू–कश्मीर में आरएस पुरा सेक्टर के अरनिया इलाके में लगभग सात घंटे तक की गई गोलीबारी बताती है कि इस पड़ोसी देश को भारत की ओर से एक और बड़ी कार्रवाई की प्रतीक्षा है। यह इस इलाके में साल 2021 के बाद से पहला बड़ा संघर्ष–विराम उल्लंघन है। आमतौर पर देखने में आता है कि दीपावली के आस–पास या किसी बड़े मौके पर पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी या आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की कोशिश की जाती है। वह ऐसा 'रंग में भंग' डालने के लिए करता है। भारत की जनता चैन से त्योहार मनाए, यह पाक बर्दाश्त नहीं कर सकता। यूं तो एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी आतंकवादियों का आना कोई नई बात नहीं है। उनमें से ज्यादातर को भारतीय सुरक्षा बलों के जवान वहीं मार गिराते हैं। प्राय: उन आतंकवादियों की संख्या एक या दो तक होती है, लेकिन इस बार तो सुरक्षा बलों को आतंकवाद के खिलाफ उल्लेखनीय सफलता मिली है। कुपवाड़ा जिले में एलओसी पर एक ही बार में पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया! यह हाल के दिनों में मारे गए आतंकवादियों की बहुत बड़ी संख्या है। अगर ये आतंकवादी घुसपैठ में कामयाब हो जाते तो यकीनन बड़ी वारदात को अंजाम देते। उधर, पाकिस्तान 'एक तो चोरी, ऊपर से सीनाजोरी' पर उतर आया है। उसने संघर्ष–विराम उल्लंघन के लिए भारत पर ही झूठा आरोप लगा दिया। हालांकि बीएसएफ ने अग्रिम चौकियों और गांवों पर बिना उकसावे की उसकी गोलीबारी तथा मोर्टार दागने की घटनाओं पर पाकिस्तान रेंजर्स के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। वहीं, पाकिस्तान अपने आतंकवादियों को 'मासूम' बताकर दुष्प्रचार में व्यस्त हो गया है, जिसका पर्दाफाश होना ही चाहिए।


पाक जिन लोगों को 'निर्दोष' बता रहा है और भारत–विरोध के लिए कुख्यात जो वेबसाइटस तथा सोशल मीडिया समूह उसके दुष्प्रचार को हवा दे रहे हैं, क्या वे यह बताने का कष्ट करेंगे कि उन 'लोगों' के पास हथियार क्यों थे? एलओसी के आस–पास रहने वाले परिवार अच्छी तरह जानते हैं कि किस इलाके से आगे नहीं जाना है। इसके बावजूद वे लोग हथियारों के साथ इधर आने की कोशिश क्यों कर रहे थे? निश्चित रूप से उनकी मंशा आतंकवादी घटना को अंजाम देने की थी, जिसे भारतीय सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया। वे लोग लश्कर के खूंखार दहशतगर्द थे। आम आदमी की तरह दिखना पाकिस्तानी आतंकवादियों का पुराना हथकंडा है, ताकि एलओसी पार करने के बाद आम लोगों में घुल–मिल जाएं और अपनी पहचान छुपा लें। अगर पाक इतना ही अमन–पसंद है तो पीओके में लॉन्च पैड क्यों चला रहा है? क्या वहां से शांति के कबूतर उड़ाए जा रहे हैं? पाकिस्तान समय–समय पर एक खास पैंतरा आजमाता है, जिसके बारे में सबको जानकारी होनी चाहिए। जब वह आतंकवादी घटना को अंजाम देने में कामयाब हो जाता है तो 'बड़बोलेपन' पर उतर आता है। जब भारत की जवाबी कार्रवाई में उसके आतंकवादी मारे जाते हैं और उसे भारी नुकसान होता है तो वह 'विक्टिम कार्ड' खेलने लगता है, खुद को पीड़ित दिखाकर हमदर्दी पाने की कोशिश करता है। भारत–विरोधी कुछ वेबसाइट्स पाक के इस रुदन को हाथोंहाथ लेती हैं। उसके बाद पश्चिमी देशों के कुछ 'थिंक टैंक' सक्रिय हो जाते हैं। उनके ऐसे 'विशेषज्ञ', जिन्होंने ज़िंदगी में कभी एलओसी पर गोलीबारी नहीं देखी, वे अपने एसी युक्त कक्ष में बैठकर रिपोर्ट लिखते हैं कि 'भारत में असहिष्णुता बहुत बढ़ गई है'! उन्हें न तो आतंकवादियों के कृत्य दिखाई देते हैं, न जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद से पीड़ित उन आम लोगों के घाव, जो पाकिस्तानी गोलियों ने दिए हैं। उन थिंक टैंकों के लिए तो पाक का 'विक्टिम कार्ड' ही 'गारंटी कार्ड' है!

## ट्वीटर टॉक



हनुमानगढ़ जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में कई लोगों के असमय काल कवलित होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य व संबल प्रदान करें। मैं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

**–राजेन्द्र राठौड़**



प्रधानमंत्री मोदी जी को आप जितनी बार भी सुन लें, हर बार कुछ न कुछ नया सीखने को मिलेगा। मैं 'मन की बात' का एक भी एपिसोड सुनने से नहीं चूकता, आज भी हम कार्यकर्ताओं ने हमारे मार्गदर्शक मोदी जी को सुना और उनसे मिली सीख को आत्मसात किया।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**



भाजपा परिवार की वरिष्ठ सदस्या, राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री किरण माहेश्वरी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शिक्षा के क्षेत्र में अपने अभूतपूर्व कार्यों एवं दक्षिणी राजस्थान में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए किए गए उनके कामों को सदैव याद किया जाता रहेगा।

**–वसुंधरा राजे**

## प्रेरक प्रसंग

# नेकी का साथ

एक सेठ की दुकान पर हरिया नाम का नौकर काम करता था। हरिया दिल का बड़ा दयालु और नेक था। वह सभी की तन–मन–धन से सहायता करता था। सेठ जी को यह बातें बड़ी अजीब लगती थी। सेठ ने उसे कई बार समझाया लेकिन वह हर बात हंस कर टाल देता। सेठ ने उसको समझाने के लिए एक डंडा दिया और कहा कि इस डंडे को सबसे मूर्ख व्यक्ति को देना। हरिया ने वह डंडा अपने घर संभाल कर रख लिया, उम्र बीतने के पश्चात सेठ एक बार गंभीर रूप से बीमार हुआ। सेठ ने हरिया को कहा कि तू बड़ा सेवादार है। तू मेरे साथ चल। हरिया ने कहा सेठ जी! इंसान अकेला आया है, अकेला ही जाएगा। यदि आप अपनी कमाई में से कुछ पैसे गरीब या जरूरतमंद के लिए खर्च करते तो आपका अंतिम समय बहुत अच्छा रहता। लेकिन आपने सदैव धन–दौलत से ही प्रेम किया। जरूरतमंदों की दुआएं आपने कभी नहीं ली। सदा उनका शोषण ही किया है। तो ये डंडा आप ही संभालें, मुझे आप से ज्यादा मूर्ख कोई नहीं मिला। हरिया की बात सुनकर सेठ के पास पछतावे के सिवा कुछ नहीं था।

## सामयिक

# नए भारत के निर्माता थे सरदार पटेल

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034



**सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया।**

सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था। देश के वो पहले गृहमंत्री गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवत: नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता।

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप–प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निर्माता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा।

सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया।

अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945–1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते।

सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी–बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी।

लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा।

जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं।

सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुम्बई में हुआ था। सरदार पटेल को उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया जो उन्हे बहुत पहले मिलना चाहिये था। वर्ष 2014 में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती (31 अक्टूबर) को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना शुरू कर उनको सम्मनित किया है।

## मंथन

# उद्यमिता में भी भारतीय महिलाओं का परचम

गीता यादव
मोबाइल : 77424 95670



पिछले कुछ वर्षों में वास्तव में देश में उद्यमियों के रूप में उद्यम करने और सफल होने वाली महिलाओं की संख्या में काफी इजाफा हुआ है, जिससे देश की सामाजिक और आर्थिक जनसांख्यिकी प्रभावित हुई है। आज देश में 20 प्रतिशत से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का स्वामित्व महिलाओं के पास है। यह कुल श्रम शक्ति का 23.3 प्रतिशत है। यह देखना दिलचस्प है कि देश का लगभग 50 प्रतिशत स्टार्ट–अप इकोसिस्टम वर्तमान में महिलाओं द्वारा सशक्त है। महिला बल की इस बढ़ती भागीदारी से रोजगार का सृजन हुआ है। हजारों परिवारों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली है। महिलाएं जो हमेशा अपने नेतृत्व कौशल के लिए जानी जाती हैं, आज बाधाओं को तोड़ रही हैं और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण जैसे नए युग के उद्योगों पर हावी हो रही हैं, जहां 50 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी महिलाएं हैं। इसके अलावा कृषि क्षेत्र में जहां मुख्य रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र नियोजित महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों की तुलना में अधिक है। यह देखते हुए कि भारत की महिला साक्षरता दर अब 68 प्रतिशत बढ़ गई है, जो आजादी के समय 9 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 77 प्रतिशत हो गई है। महिला साक्षरता की बढ़ती दर के अलावा देश में महिला उद्यमिता की निरंतर वृद्धि में योगदान देने वाले कई अन्य कारक हैं, जो भारत को अगले पांच वर्षों में महिला उद्यमियों के लिए एक केंद्र बना सकता है। सरकार और समाज के साझा प्रयासों के कारण आज भारतीय महिलाएं फुटकर व्यापार, रेस्टोरेंट, होटल, ब्यूटी पार्लर, फैशन डिजाइन, ऑटोमोबाइल, टूर एंड ट्रेवल्स, फूड प्रोसेसिंग, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, हस्तशिल्प, कृषि, कुटीर उद्योग आदि क्षेत्रों में अनवरत रूप से सफलता के नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

ग्रामीण महिलाओं की ओर देखें तो वे कृषि, पशुपालन, सिलाई, कशीदाकारी आदि का व्यवसाय कर अपने परिवारों को समृद्ध बनाने के साथ–साथ रोजगार सृजन और वित्तीय आधार को मजबूत करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन ग्रामीण महिलाओं के लघु और कुटीर उद्योग आधारित व्यावसायिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकारी योजनाओं के अलावा विलेज फाइनेंशियल सर्विसेस जैसी माइक्रोफाइनांस कंपनियों ने लघु ऋण प्रदान के माध्यम से नकद आपूर्ति कर अपना हाथ बंटाया है। भारत में महिला उद्यमियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन अभी भी ऐसे कई कारण हैं, जिनकी वजह से महिलाएं उद्यमशीलता का रास्ता अपनाने से कतराती हैं। हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि उद्यमिता पर अभी भी पुरुष संस्थापकों का वर्चस्व है। हाल के वर्षों में कार्यस्थल समानता की दिशा में की गई प्रगति के बावजूद व्यवसायों में महिलाएं अभी भी बड़े पैमाने पर कम प्रतिनिधित्व और कम वेतन पर काम कर रही हैं।

अधिकांश महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने से रोकने वाली नंबर एक बाधा उनकी फंडिंग तक पहुंच है। वास्तव में पुरुषों की तुलना में लगभग दोगुनी महिलाओं ने इसे व्यवसाय शुरू न करने का मुख्य कारण बताया, जो एक महत्वपूर्ण लिंग अंतर को दर्शाता है। सबसे बड़ी लिंग विसंगति परिवार और देखभाल की जिम्मेदारियों से संबंधित है, जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक प्रभावित करती है। भारत में महिला उद्यमियों को सीमित वित्तीय संसाधनों और पूंजी तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। सीमित आर्थिक सुरक्षा, संपत्ति के स्वामित्व की कमी और सामाजिक बाधाओं के कारण पारंपरिक ऋणदाता महिलाओं को ऋण देने से झिझकते रहे हैं। ये ऋणदाता अक्सर गारंटी के साथ–साथ अन्य सख्त शर्तों की मांग करते हैं, जिससे महिलाओं के लिए ऋण प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

एक अध्ययन के अनुसार, भारत में महिलाओं की अगुवाई वाले कारोबार के लिए करीब 20.5 अरब डॉलर की पूंजी का अभाव है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में ज्यादा मुनाफा 19 फीसदी की तुलना में 31 प्रतिशत होने के बाद भी उनके कर्ज मांगने के खारिज होने का अनुपात कहीं ज्यादा यानी पुरुषों के 8 प्रतिशत की तुलना में 19 फीसदी है और वे सूक्ष्म छोटे और मध्यम उद्योगों को सरकारी बैंकों द्वारा दिए जाने वाले कुल कर्ज का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा हासिल कर पाती हैं। भारत में महिलाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय तकनीक के जरिए कर्ज देने में लैंगिक बराबरी को बढ़ावा देने की जरूरत है। हालांकि हाल के वर्षों में डिजिटल ऋण देने वाले प्लेटफार्मों के बढ़ने से महिलाओं के लिए न्यूनतम प्रतीक्षा समय के साथ व्यावसायिक ऋण प्राप्त करना आसान हो गया है और यही कारण है कि पहले की तुलना में महिला उद्यमियों की संख्या भी बढ़ी है।

सतत आर्थिक विकास, लैंगिक समानता और गरीबी उन्मूलन में महिलाओं की भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए भारत सरकार ने भी महिला उद्यमियों का समर्थन करने के लिए कई पहल शुरू की है। इन पहलों का एक उद्देश्य एक समावेशी और सहायक नीति ढांचा, वित्त तक समान पहुंच प्रदान करना, मेंटरशिप और नेटवर्क चैनलों का विस्तार करना है। कुल मिलाकर ये प्रयास महिला उद्यमियों के लिए अपना व्यवसाय संचालित करने और बढ़ाने के अवसर प्रदान करते हैं। सरकार की नारी शक्ति एक ऐसी पहल है, जो महिलाओं को बाजार में उपलब्ध दर से सस्ती दर पर आसान ऋण प्रदान करती है, जिससे महिलाओं को उनकी उद्यमशीलता आकांक्षाओं को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक अन्य उदाहरण महिला उद्यमिता मंच है, जो भारत में महिला उद्यमिता से संबंधित सभी चीजों के लिए एक एकीकृत पोर्टल और वन–स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करता है।

भौतिक बिक्री की पारंपरिक प्रक्रिया, जिसमें अक्सर घर–घर बिक्री या दुकान किराए पर लेने या खरीदने की आवश्यकता शामिल होती है। इसने कई भारतीय महिलाओं के लिए चुनौती पेश की, जिनके पास पारिवारिक प्रतिबद्धताएं, घरेलू कर्तव्य और सीमित धन था। हालांकि ई–कॉमर्स प्रवृत्ति और अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे डिजिटल बिक्री प्लेटफार्मों के उद्भव से महत्वपूर्ण बदलाव आया है। महिलाएं अब स्वस्थ कार्य जीवन संतुलन बनाते हुए अपने उत्पादों को अपने घरों में बेच सकती हैं। पूरे भारत और यहां तक कि विश्व स्तर पर ग्राहकों तक पहुंच सकती हैं। भारत का उद्यमिता परिदृश्य स्पष्ट रूप से बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जो लगातार देश में रहने वाली महिलाओं की क्षमता और दृढ़ संकल्प को उजागर कर रहा है।

आज भारत में 5.85 करोड़ उद्यमियों में से 80.5 लाख महिला उद्यमियों द्वारा देश के औद्योगिक विकास और विस्तार में सराहनीय योगदान प्रदान किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं द्वारा संचालित औद्योगिक इकाइयों द्वारा लगभग 1.35 करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। आज भारतीय महिला उद्यमियों का रुझान परंपरागत उद्योगों के साथ–साथ नवाचार वाले स्टार्ट–अप उद्योगों की ओर बढ़ता जा रहा है। अनेक महिलाएं अपना हाई प्रोफाइल जॉब छोड़कर नव प्रवर्तन और भावी विकास संभावनाओं से ओत–प्रोत उद्योगों की बागडोर संभाल रही हैं। जमीनी स्तर के आंकड़ों से पता चलता है कि आने वाले दशकों में भारत परिवर्तन की एक और लहर देखने को तैयार है, जिसमें कार्यबल पर महिलाओं का वर्चस्व होने के साथ–साथ देश के भविष्य को आकार दिया जा रहा है, जहां 30 मिलियन से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यवसाय से साल 2030 तक 170 मिलियन नौकरियों की उम्मीद है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत का आर्थिक भविष्य आज पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल दिखता है। महिला उद्यमिता को किसी भी देश की आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण साधन माना जाता है। महिला उद्यमी न केवल खुद को आत्मनिर्भर बनाती हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर बढ़ाती है। भारतीय समाज में महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक मोर्चों पर बदलाव लाने की जरूरत है। अगर सरकार की नीतियां सहयोगी बनें, महिलाओं को नवाचार के लिए उचित आर्थिक सहायता मिल सके तो उनका क्षेत्र विस्तृत हो सकता है। वुमन एंटरप्रेन्योरशिप इन इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यदि महिलाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहन दिया जाए तो देश में 15 से 17 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। इसके लिए आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को बदलना जरूरी है। समाज को रूढ़िवादी सोच से बाहर निकलना होगा। महिलाओं की नवाचार से जुड़ी सोच और प्रयासों को बढ़ावा देना होगा। इसके साथ ही लैंगिक भेदभाव को दूर करना होगा।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव चार दिवसीय यात्रा पर नेपाल पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काठमांडू।संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने अपनी चार दिवसीय नेपाल यात्रा के दौरान रविवार को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' से मुलाकात की। गुतारेस ने उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री पूर्ण बहादुर खड़का और विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद के साथ भी अलग-अलग बैठकें कीं। नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री प्रचंड और संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस के बीच एक बैठक हुई, जो प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर नेपाल की आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं। 'माई रिपब्लिका' अखबार की खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री प्रचंड से मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने नेपाल को एक ऐसी प्रक्रिया विकसित करने के लिए वैश्विक निकाय के समर्थन का वादा किया, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों, उच्चतम न्यायालय के फैसलों और पीड़ितों की जरूरतों को पूरा करती है। प्रधानमंत्री प्रचंड के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में गुतारेस ने विकसित देशों से नेपाल जैसे देशों को समर्थन बढ़ाने का आग्रह किया, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बुरी तरह प्रभावित हैं।

## अमृत कलश



नई दिल्ली में मेरी माटी मेरा देश 2023 अमृत कलश यात्रा जम्मू-कश्मीर से प्रतिनिधिमंडल रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचा।

# कश्मीर में गाय के गोबर से दीए बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं महिलाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में ग्रामीण महिलाओं का एक समूह पर्यावरण-अनुकूल दिवाली सुनिश्चित करने के लिए गाय के गोबर के दीये बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। एक युवा सामाजिक कार्यकर्ता से उद्यमी बने रजत सालगोत्रा ने त्योहार के दौरान महिला सशक्तीकरण और प्लास्टिक से बने उत्पादों पर निर्भरता कम करने के दोहरे उद्देश्यों के साथ गाय के गोबर से दीये बनाने की यह पहल की है। रजत सालगोत्रा ने नवंबर 2021 में 'समस्त इको-अल्टरनेटिव्स प्राइवेट लिमिटेड' नामक अपना स्टार्ट-अप शुरू किया था। उनकी कंपनी पिछले साल जम्मू के बाजारों में गाय के गोबर से बने दीये पेश करने वाली पहली कंपनी थी और उनकी इस साल 12 नवंबर को मनाए जाने वाले रोशनी के त्योहार दीपावली के लिए 20,000 से अधिक दीये उपलब्ध कराने की योजना है। गैर-सरकारी संगठन दिशा फाउंडेशन के सदस्य रजत सालगोत्रा ने यहां 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हम प्राचीन काल से ही पूजा के लिए गाय के गोबर का उपयोग करते आ रहे हैं। हमारा उद्देश्य गांव की महिलाओं को सशक्त बनाना और मूर्तियों तथा गोबर के दीयों जैसे पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों का उत्पादन करके पर्यावरण की रक्षा करना है। पिछले साल, हमने गाय के गोबर से बने आठ हजार दीये बेचे थे।''जम्मू से लगभग 20 किलोमीटर दूर जम्मू-अखनूर रोड पर मिश्रीवाला गांव में महिलाओं द्वारा दीये बनाने की प्रक्रिया का निरीक्षण कर रहे रजत ने कहा कि उनकी कंपनी ने ग्रामीण महिलाओं को इसके लिए प्रशिक्षित किया और उन्हें सादे एवं आकर्षक दीये बनाने के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध कच्चा माल उपलब्ध कराया है। रजत ने कहा, ''गाय के गोबर से बने दीये मिट्टी के दीयों से अलग होते हैं। इसे पूरी तरह से जला दिया जाता है और राख या उत्पाद का उपयोग कीटनाशक अथवा उर्वरक के रूप में किया जा सकता है, जिससे कोई नुकसान नहीं होता है। उत्पाद को धूप में सुखाया जाता है और इन्हें रिसावरोधी बनाने के लिए किसी रसायन या कृत्रिम रंग का उपयोग नहीं किया जाता है।'' उन्होंने कहा कि विनिर्माण से लेकर निपटान तक की पूरी प्रक्रिया पर्यावरण के अनुकूल है और इससे गांव की महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। रजत ने कहा कि उनकी पहल लोगों को अपने अनुत्पादक मवेशियों को सड़कों पर नहीं छोड़ने के लिए भी प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने विभिन्न पर्यावरण समर्थक अभियानों और सम्मेलनों में जम्मू नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण समिति और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के समर्थन की सराहना भी की।

गाय के गोबर से दीये बनाने के काम में जुटी लवली देवी नामक एक महिला ने कहा, ''हम घर के कामकाज के बाद ज्यादातर खाली बैठे रहते हैं, लेकिन अब हम काम करने में सक्षम हैं और इसके जरिये पैसा भी कमा सकते हैं।''

# ट्रंप की 'अराजकता, प्रतिशोध और नाटक' अमेरिका के लिए घातक : निक्की हेली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल निक्की हेली ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगर 2024 के चुनाव में जीत जाते हैं, तो इसके परिणाम ''चार वर्ष की अराजकता, प्रतिशोध और नाटक'' के तौर पर सामने आएंगे, जो अमेरिका के लिए घातक सबित होंगे। हेली (51) ने कहा कि अमेरिका को एक ऐसे नेता की जरूरत है, जो देश को आगे ले जाए, न कि उसकी नैया डुबो दे। उन्होंने लास वेगास में शनिवार को 'ज्यूइश रिपब्लिकन' के एक प्रभावशाली समूह के समक्ष अपने संबोधन में पार्टी के वरिष्ठ नेता ट्रंप की जमकर आलोचना की। हेली ने हालांकि इजराइल के पक्ष वाली नीतियों का श्रेय ट्रंप को दिया, लेकिन साथ ही पूछा कि ''सवाल यह है कि वह भविष्य के लिए क्या करेंगे।'' हेली ने ' रिपब्लिकन ज्यूइश कोलीशन' के समक्ष अपने संबोधन में कहा, ''इतिहास में यह बात दर्ज होगी कि ट्रंप इजराइल का समर्थन करने वाले राष्ट्रपति थे। ईरान के साथ हुए समझौते से बाहर आना जरूरी था। यरुशलम को इजराइल की राजधानी के तौर पर मान्यता देना गलत था, जिसे सही किया गया...।'' उन्होंने कहा, ''ट्रंप जिस श्रेय के हकदार हैं, उन्हें उसका श्रेय देकर मुझे प्रसन्नता महसूस हो रही है और मुझे भी उन प्रयासों में भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस हुआ।''

इस वर्ष यहूदियों का सम्मेलन ऐसे वक्त में हुआ, जब इजराइल पर सात अक्टूबर को फलस्तीन के आतंकवादी गुट हमास ने हमला किया है। हेली ने कहा, ''लेकिन अमेरिकी होने के नाते हमें एक अहम प्रश्न पूछने की जरूरत है। हम सब जानते हैं कि ट्रंप ने अतीत में क्या किया। प्रश्न यह है कि वह भविष्य में क्या करेंगे? हम अपने वक्त के सबसे भयावह काल में जी रहे हैं। '' दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर और ट्रंप प्रशासन में संयुक्त राष्ट्र की राजदूत रहीं हेली ने इजराइल और हमास तथा यूक्रेन युद्ध और इसके अलावा दुनिया के अन्य हिस्सों में हो रही हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में आग लगी है। हेली ने कहा कि एक सैनिक की पत्नी और दो बच्चों की मां होने के नाते उनके लिए युद्ध रोकने, शांति बनाए रखने और अमेरिकी लोगों की रक्षा करने से ज्यादा कुछ भी मायने नहीं रखता। हेली ने कहा, ''आठ वर्ष पहले ऐसा नेता होना अच्छा था, जो लीक से हटकर काम करता हो, लेकिन अब हमें ऐसा नेता चाहिए, जिसे चीजें सुधारना भी आता हो।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका को ''एक ऐसे कैप्टन की जरूरत है, जो नैया पार लगाए न कि उसे डुबो दे।''

# फेसबुक पर दोस्ती के बाद शादी करने के लिए पाकिस्तान गई अंजू भारत लौटेगी

पेशावर/दक्षिण भारत। सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर जिसे मित्र बनाया उससे शादी करने के लिए पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के एक दूरदराज गांव में पहुंची अंजू नाम की 34 वर्षीय भारतीय महिला पाकिस्तान सरकार की ओर से मंजूरी मिलने के बाद स्वदेश लौटेगी। दो बच्चों की मां अंजू के पाकिस्तानी पति ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने अगस्त में अंजू का वीजा एक साल के लिए बढ़ा दिया था। इस्लाम धर्म अपनाने और नसरुल्लाह से शादी के बाद अंजू का नाम बदलकर फातिमा कर दिया गया था। अंजू के पाकिस्तानी पति ने बताया, ''हम इस्लामाबाद में आंतरिक मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाणपत्र का इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए हमने पहले ही आवेदन कर दिया है। एनओसी प्रक्रिया थोड़ी लंबी है और इसे पूरा होने में समय लगता है।'' उन्होंने कहा कि जैसे ही वाघा सीमा पर आने-जाने के लिए दस्तावेज पूरे हो जाएंगे, अंजू भारत की यात्रा करेंगी। उन्होंने कहा, वह भारत में अपने बच्चों से मिलने के बाद पाकिस्तान लौटेंगी। अंजू के पाकिस्तानी पति ने कहा, ''वह निश्चित रूप से वापस आएंगी क्योंकि पाकिस्तान अब उनका घर है।'' अंजू ने 25 जुलाई को अपने 29 वर्षीय दोस्त नसरुल्लाह से शादी की थी जिसका घर खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी दीर जिले में है।

# शर्मिला टैगोर को 'इम्तियाज-ए-जामिया' से नवाजा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को रविवार को जामिया मिलिया इस्लामिया के सर्वोच्च सम्मान 'इम्तियाज-ए-जामिया' से नवाजा गया। जामिया की कुलपति नजमा अख्तर ने विश्वविद्यालय के 103वें स्थापना दिवस पर टैगोर को यह पुरस्कार प्रदान किया। उन्हें हिंदी सिनेमा में उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई टैगोर ने कहा, ''जिस क्षण से मैंने विश्वविद्यालय में प्रवेश किया, यह मेरे लिए भावनात्मक रहा। मेरा काम 60 वर्षों से लोगों की नजरों में दिखाई देता है और लोगों ने मेरे प्रति जो दयालुता दिखाई है, उसे देखकर दिल खुश हो जाता है।'' उन्होंने कहा, ''मैं आभारी हूं कि जामिया मिलिया इस्लामिया की पहली महिला कुलपति ने मुझे सम्मानित किया है।'' टैगोर ने अख्तर और आईएलबीएस के निदेशक शिव कुमार सरीन के साथ विश्वविद्यालय के शताब्दी द्वार का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर तीनों ने विश्वविद्यालय का झंडा फहराया। इस दौरान एनसीसी कैडेट उनके साथ रहे। 'इम्तियाज-ए-जामिया', जामिया मिलिया इस्लामिया का सर्वोच्च सम्मान है, जिसे समाज की बेहतरी में योगदान देने वाले भारतीयों को दिया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न छात्रों और प्राध्यापकों को उनकी उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया।

# अमिताभ बच्चन के साथ डेट पर जाना चाहती हैं तेजकन्या राठौड़

मुंबई/एजेन्सी



छोटे पर्दे पर एक बार फिर से अमिताभ बच्चन का जादू देखने को मिल रहा है और दर्शक 'कौन बनेगा करोड़पति 15' को पसंद कर रहे हैं। शो को मजेदार बनाने के लिए अलग अलग तरह से कंटेस्टेंट इसका हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे में फैमिली सीरीज में 'धाकड़ क्षत्राणियां' भी हाल ही में शो का हिस्सा बनीं और इस दौरान ग्रुप की एक महिला तेजकन्या ने अमिताभ बच्चन को डेट पर ले जाने की इच्छा जाहिर कर दी, जिसका 'बिग बी' ने भी अपने ही अंदाज में जवाब दिया। अमिताभ संग डेट

बीती रात केबीसी में 'धाकड़ क्षत्राणियां' यानी तेजकन्या राठौड़, गरिमा और अंजिल ने शिरकत की। सुपर संदूक के दौरान 'धाकड़ क्षत्राणियां' की तेजकन्या ने बताया कि उन्हें मुंबई में बहुत मजा आ रहा है और वो स्टाइलिश कपड़े पहन रहीं, अच्छा भोजन खा रही हैं। इसके बाद तेजकन्या ने कहा कि वो सुपर संदूक जीतना चाहती हैं और अमिताभ बच्चन संग डेट पर जाना चाहती हैं। इस पर बिग बी ने कहा कि डेट के कई मतलब होते हैं। अमिताभ का मजाकिया अंदाज

इस पर तेजकन्या कहती हैं कि आप जो भी चाहें वो मतलब चुन लीजिए। इस पर बिग बी ने अपने ही अनोखे अंदाज में कहा कि डेट सुनकर तो उन्हें खजूर याद आते हैं। इस पर तेजकन्या कहती हैं कि उन्हें खजूर भी चलेगा। इस पर अमिताभ जवाब में कहते हैं, 'हमारी उम्र जो है न अब वो डेट-वेट के लायक नहीं है, महिलाओं के साथ बहस नहीं करना चाहिए।' हालांकि 'धाकड़ क्षत्राणियां' ने कहा कि बिग बी अब भी काफी जवान हैं। सिर्फ 6 सवालों का सही जवाब

अमिताभ ने शो आगे बढ़ाते हुए कहा कि अगर सुपर संदूक के सभी 10 सवालों के जवाब दे दिए तो वो डेट के बारे में सोचेंगे। बता दें कि 'धाकड़ क्षत्राणियां', 6 सवालों के सही जवाब देकर सिर्फ 60 रुपये ही जीत पाईं। अमिताभ ने कहा कि तेजकन्या को सुपर संदूक का नतीजा पसंद नहीं आएगा क्योंकि वो सिर्फ 6 ही सवालों के जवाब दे पाईं और डेट का मौका खो दिया।



# 'होरो नंबर 1' में नजर आएगी टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी की जोड़ी

मुंबई/वार्ता। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ और अभिनेत्री दिशा पाटनी की जोड़ी फिल्म होरो नंबर 1 में नजर आयेगी। टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी ने 'बागी 2' और 'बागी 3' में साथ काम किया है।टाइगर और दिशा की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाती नजर आएगी।होरो नंबर 1 में टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी की जोड़ी नजर आयेगी। निर्देशक जगन शक्ति ने बताया कि टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी की जोड़ी एक बार फिर फैंस को देखने को मिलेगी।पहले सारा अली खान को लीड एक्ट्रेस के लिए साइन किया गया था। लेकिन अब उनकी जगह दिशा पाटनी को साइन किया गया है।दिशा पाटनी एक्शन सीन्स करने के लिए बिलकुल फिट हैं। सारा इस फिल्म का हिस्सा जरूर थीं, लेकिन उनके साथ डेटस मैच नहीं हुईं। ऋतिक रोशन की कजिन पश्मिना रोशन भी फिल्म हीरो नंबर 1 का हिस्सा होंगी। उन्हें पैरलल लीड के तौर पर साइन किया गया है।



# सिने जगत की यह 6 अभिनेत्रियां पहली बार रखेंगी अपने पति के लिए करवा चौथ का व्रत

मुंबई/एजेन्सी

आने वाले महीने की पहली तारीख को सुहागिन महिलाओं का सबसे बड़ा दिन आने वाला है। इस दिन करवा चौथ है। करवा चौथ का इंतजार महिलाओं को पूरे साल रहता है। इसे देश भर में विवाहित महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत के रूप में मनाया जाता है। महिलाएँ अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत करती हैं। इसकी धूम ना केवल आम लोगों के बीच बल्कि सेलिब्रिटीज तक में भी खूब देखने के लिए मिलती है। ऐसे में हर साल की तरह ही इस बार भी बॉलीवुड के कुछ नए कपल्स पहली बार करवा चौथ मनाने वाले हैं। इंडस्ट्री में कई हसीनाएं हैं, जिनकी इस साल 2023 में शादी हुई है। वो अपने पहले करवा चौथ के लिए काफी एक्साइटेड भी हैं। इस वर्ष इस पर्व को हिन्दी सिनेमा की 6 अभिनेत्रियाँ पहली बार मनाएंगी।


हंसिका मोटवानी साउथ से लेकर बॉलीवुड तक में काम कर चुकीं एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने 4 दिसंबर 2022 को जयपुर के मुंडोटा फोर्ट एंड पैलेस में लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड-बिजनेसमैन सोहेल खतुरिया संग शादी की थी। ऐसे में शादी के बाद एक्ट्रेस का पति के साथ पहला करवा चौथ है। अथिया शेट्टी सुनील शेट्टी की लाडली बेटी अथिया शेट्टी ने इस साल केएल राहुल के साथ सात फेरे लिए थे। दोनों ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी का फैसला किया था। ऐसे में अब शादी के बाद एक्ट्रेस का पहला करवा चौथ है।

स्वरा भास्कर स्वरा भास्कर ने सपा नेता फहाद अहमद संग 2023 की शुरुआत में 6 जनवरी को शादी कर ली थी। दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद उन्होंने हल्दी, मेहंदी और संगीत सहित कई फंक्शन होस्ट किए थे। इनकी शादी काफी चर्चा में रही थी। एक्ट्रेस को काफी ट्रोल्स का सामना भी करना पड़ा था। हाल ही में वो मां भी बनी हैं। ऐसे में इस साल वो भी पहली बार करवा चौथ मनाते हुए नजर आने वाली हैं। कियारा आडवाणी बॉलीवुड एक्ट्रेस

कियारा आडवाणी इस साल पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के लिए निर्जला व्रत करने वाली हैं। वो पति के लिए पहली बार करवा चौथ का व्रत करेंगी। सिद्धार्थ और कियारा ने इस साल फरवरी महीने में सात फेरे लिए थे। इनके बीच नजदीकियां फिल्म 'शेरशाह' के बीच आई थीं। शिवालिका ओबेरॉय 'खुदा हाफिज' फेम एक्ट्रेस शिवालिका ओबेरॉय ने इस साल जाने-माने निर्माता कुमार मंगत के बेटे अभिषेक पाठक से शादी की। ऐसे में अब शिवालिका का पहला करवा चौथ व्रत है, जब वो निर्जला व्रत करने वाली हैं।

परिणीति चोपड़ा एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने तो हाल ही में आप नेता राघव चड्ढा के साथ सात फेरे लिए हैं। कपल ने 24 सितंबर, 2023 को राजस्थान के उदयपुर शादी की थी। ऐसे में इस साल एक्ट्रेस का पहला करवा चौथ है, जब वो राघव के लिए निर्जला व्रत करेंगी।


## स्वागत



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का रविवार को तेलंगाना के संगारेड्डी में एक सार्वजनिक बैठक में एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी माणिक राव ठाकरे, टीपीसीसी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, सीएलपी नेता भट्टी विक्रमार्क और अन्य लोग स्वागत करते हुए।

# 'गदर-3' की तैयारी शुरू

मुंबई/एजेन्सी




अभिनेता सनी देओल, उत्कर्ष शर्मा, अमीषा पटेल, सिमरत कौर और मनीष वाधवा स्टारर गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर वाकई गदर मचाया है। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया और ताबड़तोड़ कमाई की। फिल्म को लेकर सिनेमा लवर्स में तगड़ा क्रेज देखने को मिला था। साल 2001 में गदर रिलीज हुई थी और इसके 22 साल बाद साल 2023 में गदर 2 लेकिन अब गदर 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार नहीं करना होगा।

बताया जा रहा है कि मेकर्स, गदर 3 में ज्यादा देरी नहीं करने वाले हैं और उन्हें सनी देओल के स्टारडम पर पूरा भरोसा है। दैनिक एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 2025 के स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी और अगले साल यानी 2024 की शुरुआत में इसका आधिकारिक ऐलान कर दिया जाएगा। यही नहीं रिपोर्ट के मुताबिक 2024 के अगस्त से शूट शुरू हो जाएगा। कहा जा रहा है कि गदर 3 की कहानी क्रेक हो गई है।

अनिल शर्मा फिल्म्स के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर राणा भाटिया ने कहा, 'अगले पार्ट की कहानी तो क्रैक कर ली गई है। इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं। हम इसे दो साल के भीतर लाने की कोशिश कर रहे हैं।' राणा भाटिआ ने बताया है कि सनी देओल की फैमिली, गदर 3 का भी हिस्सा रहेगी लेकिन विलेन को लेकर विचार जारी है। याद दिला दे कि फिल्म के पहले पार्ट में अमरीश पुरी और दूसरे पार्ट में मनीष वाधवा विलेन के रोल में दिखे थे। गौरतलब है कि घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इंडियन सिनेमा की सबसे अधिक कमाई करने वाली तीसरी फिल्म गदर 2 बन चुकी है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का कुल कलेक्शन 525.45 करोड़ रुपये है। बता दें कि इस लिस्ट में पहले नंबर पर जवान और दूसरे नंबर पर पठान है। ये दोनों ही शाहरुख खान की फिल्में हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

प्रभु महावीर की पावन पवित्र ऐसी जिनवाणी जिसमें प्रभु ने अपनी अंतिम देशना में उत्तराध्ययन सूत्र के 36 अध्ययन फरमाए। जिसमें हम आज दसवें अध्ययन को श्रवण कर रहे हैं। पहली ही गाथा में प्रभु ने फरमाया एक बार नहीं 36 बार कहा 'समय गोयम मां पमायये'। गलती की है तो माफी मिलेगी पर जीवन के बारे में अगर गलती नहीं करना है तो समय मात्र का भी प्रमाद मत करो। शाल राजा ने अपने बेटे को राज्य सौंप कर दीक्षा लेने निकले तब पुत्र ने पूछा कि आपको इससे भी ज्यादा कुछ अनमोल मिला है तब पुत्र ने भी दीक्षा के लिए आऊंगा मैं भी दीक्षा लूंगा। दोनों ने प्रभु वीर के पास दीक्षा ले ली।



# राजस्थान चुनाव में प्रवासी प्रकोष्ठ निभायेगा विशेष भूमिका

## प्रवासी मतदाताओं सभी को मतदान करने का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारतीय जनता पार्टी प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान चेन्नई तमिलनाडु की टीम ने रविवार को साहुकारपेट के श्री रामदेव भवन के सुबह आने वाले राजस्थान के विधानसभा चुनाव के लिए विशेष बैठक बुलाई। बैठक में पूरी टीम के साथ पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। विश्व शांति पाठ के साथ हुई हुई बैठक में 'जय जय राजस्थान जीत हमारी जारी है अब राजस्थान की बारी है अबकी बार मोदी सरकार' सभी ने जोरदार जयकारों के साथ बैठक की शुरुआत की। संयोजक हंसराज पुरोहित व अध्यक्ष जीतू भाई लोहार में सभी का तिलक एवं पार्टी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।गत दिनों जयपुर की एक विशेष प्रवासी प्रकोष्ठ की बैठक की कार्यवाही से सभी को अवगत कराया गया। फिर आज की मीटिंग की अगली घर घड़ी में आने वाले चुनाव में हम सभी प्रवासी प्रकोष्ठ की टीम घर–घर व समाज भवनों में व सभी समाज के पदाधिकारी के साथ मीटिंग करके पीले चावल देखकर राजस्थान के इस विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार कर भारतीय जनता पार्टी को अपना अमूल्य वोट देकर विजय बनाएं का न्यौता दिया। जल्द ही प्रवासी प्रकोष्ठ द्वारा दीपावली चेन्नई मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णवजी को आमंत्रित किया गया है। राजस्थान चुनाव में प्रवासी प्रकोष्ठ की टीम अपनी विशेष भूमिका निभायेगी।

बैठक में प्रवासी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक प्रवीण जामड, वीरेंद्र सीरवी, मालाराम प्रजापत, गेनाराम पटेल, रामलाल कुमावत, सज्जन सिंह जैन, मुन्ना लाल गुर्जर, रामलाल जांगिड़, पारस प्रजापत, पारस देवासी, धीरसिंह राजपूत, कांतिलाल राजपुरोहित, डार्विन शर्मा वह पूरी टीम ने भाग लिया।





# शरण पूर्णिमा महोत्सव में रही सत्संग की धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार के द्वारा 29 अक्टूबर को सिंधी धर्मशाला के प्रांगण में शरद पूर्णिमा का उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें सभी भक्तों को खीर का प्रसाद वितरण किया गया। सभी ने अमृतवाणी पाठ सामूहिक रूप से किया गया। आज मंडल में मुकुंद चांडक, बद्री सोनी, अशोक जोशी, अशोक गौड़, राजेंद्र भट्टर, राजेंद्र भूतड़ा, मधु सोनी, ममता शर्मा, अंजू सोनी सहित सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी है हमारे मंडल के सदस्य अरविंद कुमार दाधीच ने दी है।

# अध्यात्म जीवन जीने की कला सिखाता है : देवेंद्रसागरसूरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। बिन्नी के श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन जैन संघ में पूज्य आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने धर्म प्रवचन देते हुए कहा कि जीवन बड़ा अमूल्य है। इसमें संसार का सौंदर्य भरा हुआ है, पर उसका आनंद तभी मिल सकता है जब जीवन जीने की कला को समझें। अध्यात्म जीवन जीने की कला सिखाता है, यह एक दिव्य विधा है। यह मनुष्य को हर दुख, कष्ट, विपत्ति और चिंता से छुटकारा दिलाकर आनंद से सराबोर करता है। केवल कुछ समय के लिए नहीं, बल्कि काल की सीमाओं से परे जाकर अनंत काल के लिए। अध्यात्म आत्मा का विज्ञान है। इसे कहीं बाहर नहीं खोजना है, बल्कि इसकी कुंजी हमारे अपने ही भीतर है। अध्यात्म का अर्थ है अपने मूल स्वभाव में लौटना जहां शांति, आनंद और स्थायी समाधान है। अध्यात्म तनावग्रस्त मन को शांति प्रदान करता है। अध्यात्म का संपूर्ण जोर इस बात पर है कि व्यक्ति अपनी मूर्छा से जागे और जान ले कि वह शुद्ध और बुद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि अध्यात्म हमारे देश की आत्मा है जो पूरे विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण देन है। अध्यात्म जीवन का अर्थ और जीने का तरीका समझने में मदद करता है। इसलिए यह जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। हमारे जीवन का उद्देश्य अपनी आत्मा का मिलाप परमात्मा से कराना है। परमात्मा से मिलने पर ही परम ज्ञान, परम शांति प्राप्त होती है। अध्यात्म का अर्थ अपनी आंतरिक शांति से जुड़ाव है। आंतरिक शांति जीवन में तनाव से दूर रहना और खुश रहना सिखाती है। अध्यात्म जीवन के गहरे रहस्यों से पर्दा हटाने का काम करता है। धर्म से जुड़ाव रखें या ना रखें, अध्यात्म से जुड़ाव रखना ही चाहिए। भारत अध्यात्म की प्रयोग भूमि है, आज भी दुनिया भर से अनेक लोग आध्यात्मिक शांति की खोज में भारत आते हैं और कई तो यहीं के होकर रह जाते हैं। अध्यात्म मन का विस्तार है जो व्यक्ति को मानवता से जोड़ता है और संपूर्ण विश्व को वसुधैव कुटुंबकम के सूत्र में बांधता है।

## भैरव महापूजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर यहां रविवार को कोयम्बटूर खरतरगच्छ संघ भवन में चातुर्मासार्थ विराजित संतों के सान्निध्य में श्री नाकोड़ा भैरवजी महापूजन का आयोजन किया गया। इस पूजन में संतों ने विधि पूर्वक जैन धर्म में पूजन की महिमा बताकर मंत्र उच्चारण से सब तीर्थंकर देवी देवताओं और इष्ट देव को भाव पूर्वक मंत्र उच्चारण से पूजन करवाया। सबका स्वागत संघ अध्यक्ष सुरेंद्र गोलेछा ने किया संचालन सचिव श्याम सुंदर लूनिया ने किया। और धन्यवाद प्रदेश युवक परिषद अध्यक्ष दीपक नाहटा ने किया। इस महा पूजन के लाभार्थी परिवार पॉलिफाइन्स इंडस्ट्रीस प्राइवेट लिमिटेड रहे और लाभार्थी परिवार के उम्मेदचंद गोलेछा, सुरेंद्र गोलेछा, जसवंत गोलेछा का संघ द्वारा सम्मान किया गया।

# मैलापुर चातुर्मास-2024 साध्वी डॉ. प्रतिभा के सान्निध्य में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां मैलापुर के श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ ने आगामी वर्ष 2024 के लिए डॉ. प्रतिभाजी म.सा. का चातुर्मास मैलापुर में कराने की विनंती एवं गुरु आज्ञा हेतु श्रमण संघीय प्रवर्तक श्री सुकनमुनिजी म.सा. एवं प्रवर्तक श्री राजेन्द्रमुनिजी म.सा. को पत्र भेजा था। अत्यंत ही हर्ष की बात है कि दोनों गुरुवरों से महासतीजी का 2024 का चातुर्मास मैलापुर में कराने की आज्ञा प्राप्त हो गई है। यह सूचना मैलापुर श्रीसंघ के अध्यक्ष शांति चौरड़िया एवं मंत्री विमलचंद खाबिया ने दी है।

# संतों को सामायिक दिवस के रूप में याद किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। रविवार को आचार्यश्री हमीरमलजी म.सा की पुण्यतिथि सामायिक दिवस के रुप में स्वाध्याय भवन, साहूकारपेट, चेन्नई में मनाई गई। धर्मसभा में श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने पूज्य आचार्यश्री हमीरमल के गुण स्मरण करते हुए कहा कि नागौर में श्री नगराजजी –ज्ञानदेवीजी गांधी के यहां जन्मे हमीरमल के ऊपर से ग्यारह वर्ष की वय में ही पिताजी का साया उठ गया। अपनी मातुश्री के संग पीपाड़ शहर में ननिहाल में आपका लालन– पालन हुआ। रत्नवंशीय महासती श्री बरजूजी म.सा का संयोग मिलने पर आपकी मातुश्री को वैराग्य प्राप्त हुआ व आचार्यश्री रतनचंद्र जी म.सा के पास बर के समीप ही बिरांटिया ग्राम में अपने पुत्र हमीरमल को दीक्षित करने के पश्चात आचार्य हस्तीमल की मातुश्री रूपादेवी की तरह आप भी दीक्षित हो गयी।

नवदीक्षित हमीरमल म.सा के घृत को छोड़कर बाकी चार विगयों का आजीवन त्याग, निरन्तर चरणवर्षों तक एकान्तर उपवास की तपस्या, मेवे–मिठाई–फल आदि का त्याग, आजीवन दैनिक रुप से दस द्रव्यों के उपयोग की मर्यादा, एक ही चादर का उपयोग आदि अनेक नियमों का पालन करते थे।

आपकी योग्यता को देखते हुए आचार्यश्री रतनचंद्रजी म.सा ने उन्हें संघ की भोलावन दी। आचार्यश्री गुमानचन्द्रजी म.सा के देवलोकगमन पश्चात रत्नवंश के तृतीय आचार्य के रुप में उन्हें आचार्य पद की चादर पछेवड़ी ओढ़ाई गई। आपने दीक्षा के पश्चात 39 चातुर्मास गुरुदेव की निश्रा में व आचार्य के रुप मे 9 चातुर्मास किये।

आपने अनेक ग्रंथो की रचनाएं की आपकी लेखन कला अति सुन्दर थी। चंद्र प्रज्ञप्ति, सूर्य प्रज्ञप्ति, उपदेश रत्नकोष, भगवती हुण्डी, तेरह ढाल आदि अनेक रचनाओं व टीका आदि का जिनशासन में करते हुए सुन्दर योगदान आपने दिया हैं। आप शास्त्र लेखन का कार्य करते थे। आपके अनेक ज्ञानी–ध्यानी–तपस्वी संत शिष्य रत्न हुए।

नागौर में ही कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा को आपका संथारापूर्वक देवलोकगमन हुआ। कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने बताया कि पुण्यतिथि के प्रसंग पर विशेष रुप से सामायिक सूत्र पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई जिसके अंतर्गत सामायिक के पाठों के अर्थ, 32 दोष व प्रश्नोत्तरी रखी गई। लिखित परीक्षा वरिष्ठ स्वाध्यायी आर वीरेन्द्र कांकरिया ने ली। धर्मसभा में गौतमचंद मुणोत, रुपराज सेठिया ,दीपक व योगेश श्रीश्रीमाल,चम्पालाल बोथरा लीलमचन्द बागमार, मोहित छाजेड सामायिक परिवेश में उपस्थित रहे व लिखित परीक्षा में भाग लिया ।

जीवन व जैन संकल्प सूत्र, व्रत– नियम– प्रत्याख्यान–गुरु वन्दन, तीर्थकरों–आचार्य भगवन्तों, उपाध्यायश्री,भावी आचार्यश्री, साध्वी प्रमुखा समस्त चरित्र आत्माओं की जयजयकार के संग पुण्यतिथि सम्पन्न हुई।



# आत्मा का कल्याण ज्ञान दर्शन चारित्र की साधना से होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आत्मा का कल्याण ज्ञान दर्शन चारित्र से ही होगा। रविवार साहुकारपेट जैन भवन में महासती धर्मप्रभा ने स्वाध्यायों के सम्मान समारोह में श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस मनुष्य मे ज्ञान दर्शन और चारित्र के गुण नहीं वह जीवन का निर्माण और आत्मा का कल्याण नहीं करवा सकता है। ज्ञान दर्शन और चारित्र की आराधना करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। साध्वी स्नेह प्रभा ने श्रीमद उत्तराध्ययन सूत्र के बारवें अध्याय का अर्थ बताते हुए कहा कि मनुष्य की पहचान जाति से नहीं उसके आचरण व्यहवार और गुणों होती है। जाति मनुष्य कितनी भी निम्न क्यों न हो पर कर्म अगर उसके उच्च के हैं तो ऐसे साधक पुरूष को जाति का बंधन भी मुक्ति के मार्ग मे बाधा नहीं बनता है और ऐसे सिद्ध पुरूष को देवता भी शीश झुकाते है और उसके गुणागान करते है। साहुकारपेट श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीरचन्द सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया श्री एसएस जैन संघ साहुकारपेट के तत्वावधान में साध्वी धर्मप्रभा के सान्निध्य में दक्षिण भारत जैन स्वाध्याय संघ का स्वाध्यायी सम्मान समारोह रखा गया। समारोह के मुख्य अतिथि सुभाषचन्द रांका, विशिष्ट अतिथि एम.अजितराज कोठारी की अध्यक्षता में स्वाध्याय क्षेत्र मे सेवा देने वाले स्वाध्यायियों का स्वाध्याय संघ के अध्यक्ष लाभचंद खारीवाल, जयंतीलाल कावेड़िया संयोजक दिलीप लोढ़ा, रिखब चंद लोढ़ा, सुरेश डूगरवाल, सज्जनराज सुराणा, हस्तीमल खटोड़, एन.राकेश कोठारी, शांतिलाल दरड़ा, शम्भूसिंह कावड़िया आदि सभी ने सम्मानित किया।



# नवपद ओली पारणा उत्सव द्वारा सम्पन्न हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। यहां श्री साँचा सुमतिनाथ राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर ट्रस्ट के तत्त्वावधान में स्थानीय यतीन्द्र भवन में मुनिराज रविंद्रविजय म.सा. की निश्रा में नव दिवसीय नवपद ओली की आराधना तप की साधना के साथ सम्पन्न हुई। अंतिम दिवस लाभार्थी शा नेनमल जुठाजी संखलेचा परिवार द्वारा ओली के तपस्वियों का पारणा करवाकर तप की अनुमोदना की। इस दौरान ट्रस्टी मीठालाल जैन, बगदावरमल हरण, रतनचंद, रमेश संखलेचा, जितेंद्र, श्रीपाल, सहित सकल संघ के सदस्यगण, युवक मंडल, महिला मंडल, बालिका मंडल मौजूद रहे।





# कविता अनुराधा पौड़वाल एवं जोली मुखर्जी की रही शानदार प्रस्तुति

## ब्यावर एसोसिएशन ट्रस्ट मद्रास का दीपावली मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। ब्यावर एसोसिएशन ट्रस्ट मद्रास का 28 अक्टूबर को जीवन आनंद योजना फंड संकलन एवं दिवाली मिलन हेतु कार्यक्रम लेडी अंडाल सभा हाल चेटपेट में किया गया। कार्यक्रम में कविता पौडवाल, जोली मुखर्जी मदन मोहन शुक्ला मधुरा देशपांडे और अनुराधा पौडवाल टीम के साथ मिलकर नायाब संगीत मय प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक एस एस खेतपालिया फाउंडेशन के सुनील खेतपालिया, एमआइ लाइफ़स्टाइल के प्रवीण चंदन, एएमएस बुलियन के पुखराज बडोला दीपचंद लूनिया पप्पुसा एवं मार्गदर्शक सुभाष रांका अध्यक्ष राजकुमार कोठारी, चेयरमैन सुरेश लुणावत को चेयरमैन अजीत गोठी, महासचिव अजय नाहर, कोषाध्यक्ष राजेश बोहरा, बीवाइए के अध्यक्ष राकेश नाहर, सचिव सैनिक बोथरा ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू किया।

सर्वप्रथम अध्यक्ष राजकुमार कोठारी ने सभी का स्वागत किया। सुरेश लुणावत ने जीवन आनंद योजना के तहत लाभ लेने वाले परिवारों के बारे में जानकारी दी। महासचिव अजय नाहर ने सभी दानदाताओं सदस्यों एवं पूर्व अध्यक्ष गणों को विशेष आभार दिया। एसएस खेतपालिया फाउंडेशन कविता अनुराधा पौडवाल लाइव शो मुख्यतः अनुराधा पौडवाल द्वारा गाये हुए गीतों की प्रस्तुति हुई पुरानी गीतों की श्रृंखला में !धीरे–धीरे से मेरी जिंदगी में आना, धक–धक करने लगा', चांदनी दयावान राजू बन गया जेंटलमैन जैसे अनेक नायाब फिल्मों के गानों पर शिरकत हुई । तम्मा तम्मा जीत पर सभी सदस्य मंच पर थिरकने लगे। राजस्थानी डोला रे डोला गीत ने धरती धोरा की याद दिला दी कार्यक्रम में संपूर्ण भोजन के साथ सभी दानदाताओं और कार्यक्रम के सहयोगियों का बहुमान किया गया

इस कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के दान दाताओं सदस्यों तथा उनके परिवारों के लिए किया गया और आयोजन की आय से 100 ज़रूरत मंद परिवारों को पेंशन दी जाएगी। संस्था छात्रवृति का कार्य एवं जीवन आनंद मासिक पेंशन ज़रूरतमंद सहधर्मी भाइयों के लिए कार्यरत है।

सुनील खेतपालिया, रिखबचंद बोहरा, मोतीलाल नाहटा, दीपचंद लुनिया, धनराज कोचर, मंगलचंद तातेड, प्रवीण टाटिया, शांतिलाल जैन, मोहनलाल बजाज, प्रेमचंद बोकडिया, दीपक जैन, महावीर सिंह कातरेला, महावीर बोकडिया, पदमचंद कांकरिया आदि शहर के कई गणमान्य इस मौके पर उपस्थित थे।

मुख्य प्रायोजकों में से प्रमुख कंपनियां एएमएस बुलियन, सुस्वानी ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड, एमआई लाइफस्टाइल मार्केटिंग ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, सुभाषचंद रांका, आर बी गोठी ग्रुप प्रमुख है। इन प्रमुख प्रायोजकों के अलावा प्रायोजक वर्ग की अनेक श्रेणियां बनाई गई है जिनमें से प्रमुख श्रेणियो में गोल्डन प्रायोजको में चंद्रकला जीएम जैन चैरिटेबल ट्रस्ट, मेडिसेल्स ग्रुप, जेसीएस ज्वेलरी, महावीर इलेक्ट्रिक एजेंसी, ब्लैक गोल्ड इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, रिखबचंद बोहरा एवं अरिहंत फाउंडेशन प्रमुख है। इसके साथ ही सिल्वर प्रायोजक श्रेणियो में प्रकाश बोहरा रेमंड शॉप, मानसरोवर होंडा, सोहन कंवर मांगीलाल तातेड चैरिटेबल ट्रस्ट, फुचुरा पार्टनर्स, एजीएल बच्छावत समुह, श्री जैन सहायक समिति, कमला कंवर कांकरिया चैरिटेबल ट्रस्ट, भगवान महावीर जैन सहायक समिति है। इसके साथ ही प्रायोजकों की अन्य श्रेणियां में लुकंड इवेंट्स एंड डेकोर, स्पिन शॉट स्टोरीज, हाईवफाइ इंडिया, जैन ट्रेवल्स, हिसारिया ब्रदर्स, तथा जे रंजीत ज्वेलर्स प्रमुख रहीं। सभी प्रायोजको को धन्यवाद दिया गया। अंत में अजय नाहर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्यावर यूथ एसोसिएशन के सभी सदस्य खास कर गौतम बोहरा, गजेंद्र सेठिया, कमलेश कोठारी, राकेश विनायकीया, देवीलाल रांका, महावीर पारख, सुनील रांका, नीलम लोढ़ा, आकाश, सीआर जैन, दीपक जैन, राकेश लालवानी, रितेश बोकाडिया, रेखा नाहर, श्रेणिक बोथरा का सहयोग रहा।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.